

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 301 | ग्वालियर, मंगलवार 22 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# ब्रिक्स समिट में भाग लेने के लिए आज दक्षिण अफ्रीका रवाना होंगे

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह (22 अगस्त) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होंगे. जहां वह मंगलवार (22 अगस्त) से शुरू हो रहे 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे. पीएम मोदी सुबह 7 बजे दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस की 4 दिन की यात्रा पर रवाना होंगे.पीएम की यह यात्रा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामफोसा के निमंत्रण पर होगी. यह सम्मेलन 24 अगस्त को समाप्त होगा. उन्होंने बताया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद पीएम मोदी ग्रीस जाएंगविदेश सचिव ने कहा, ÷15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी साऊथ अफ्रीका जाएगा. यह



प्रतिनिधिमंडल बिजनेस ट्रैक्स मीटिंग्स, ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलायंस और ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में भाग लेगा.विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने सोमवार को कहा कि जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर बैठक से इतर प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय बैठकों के कार्यक्रमों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक की संभावना के बारे में पूछे गए सवालों का हालांकि कोई सीधा जवाब नहीं दिया. क्वात्रा ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन सालों तक ब्रिक्स की मीटिंग वर्चुअल मोड में आयोजित की गई थी. महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब ब्रिक्स समिट इन-पर्सन समिट होगी.उन्होंने कहा कि भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा, जो बिजनेस ट्रैक्स मीटिंग, ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलायंस और ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका भी जाएगा. उन्होंने कहा, ÷जोहान्सबर्ग में अपने कार्यक्रम पूरे करने के बाद प्रधानमंत्री ग्रीस के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर 25 अगस्त को आधिकारिक यात्रा के लिए ग्रीस जाएंगे.÷विदेश सचिव ने बताया ÷पीएम मोदी की ग्रीस यात्रा के दौरान दोनों देश व्यापार, इंवेस्टमेंट, डिफेंस और सिक्योरिटी पार्टनर्शिप और बुनियादी ढांचे में सहयोग पर चर्चा करेंगे. इस यात्रा से दोनों देशों को फायदा होगा.÷ इस यात्रा से दोनों पक्षों को क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने और द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक और मजबूत करने में मदद मिलेगी.

## न्यूज ट्रैक

### कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर केंद्र अलर्ट, पीएम के प्रधान सचिव ने की हाई लेवल मीटिंग, राज्यों को दी ये सलाह



देश में कोरोना की स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार (21 अगस्त) को केंद्र ने हाई लेवल बैठक की. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा ने कोविड-19 की वर्तमान स्थिति और तैयारियों की समीक्षा के लिए हुई इस बैठक की अध्यक्षता की.इस दौरान राज्यों से परीक्षण बढ़ाने, जीनोम सीक्वेंसिंग और कोरोना वायरस के नए वैश्विक वेरिएंट पर कड़ी नजर रखने को कहा. हाल ही में कोरोना के नए वेरिएंट 2.86 से कई देशों में कोरोना के मामले बढ़े हैं. इस हाई लेवल मीटिंग में नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पॉल, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पीएमओ सलाहकार अमित खरे और अन्य अधिकारी शामिल हुए. इस बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने दुनिया में बढ़ रहे कोरोना केस की स्थिति की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहां ईजी.5  50 से अधिक देशों में रिपोर्ट किया गया है, वहीं बीए.2.86 ( ) वेरिएंट के केस चार देशों में मिले हैं. मीटिंग में ये भी बताया गया कि पिछले 7 दिनों में वैश्विक स्तर पर कोविड-19 के कुल 2,96,219 नए मामले सामने आए, वहीं भारत में पिछले एक हफ्ते में केवल 223 नए मामले दर्ज किए हैं. स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि पूरे देश में नए कोरोना मामलों का दैनिक औसत 50 से नीचे बना हुआ है. पी.के. मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि देश में कोविड-19 की स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग में तेजी लाते नए वैश्विक वेरिएंट पर कड़ी नजर बनाए रखना है. राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) की निगरानी करने की जरूरत है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को जारी किए आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस के संक्रमण से अब तक से 5,31,926 मरीजों की मौत हो चुकी है. अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या 4,49,96,653 है.

### मानहानि मामले में राहुल गांधी पहुंचे बॉम्बे हाई कोर्ट, क्या है मांग?



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपराधिक मानहानि शिकायत के मामले में शिकायतकर्ता और आरएसएस कार्यकर्ता को नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ बंबई हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. अपनी अर्जी में राहुल गांधी ने दावा किया है कि हाई कोर्ट की अन्य पीठ ने 2021 में शिकायतकर्ता राजेश कुंटे को इस मामले में कोई नया दस्तावेज सौंपने की अनुमति नहीं दी थी. कांग्रेस नेता की याचिका में दावा किया गया है कि कुंटे को नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति देने का मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह से अवैध और पूर्वाग्रह से भरा है.बता दें कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने कुंटे को इस साल जून में नए दस्तावेज सौंपने की अनुमति दे दी थी. कुंटे ने अपनी मानहानि की शिकायत में दावा किया है कि राहुल ने गलत और झूठा बयान दिया है कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए आरएसएस जिम्मेदार था.राहुल गांधी की याचिका पर सोमवार 21 (अगस्त) को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की एकल पीठ ने कहा कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इस शिकायत में अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने से संबंधित कुंटे की अर्जी पर सुनवाई की थी, इसलिए अगर वही पीठ गांधी की अर्जी पर सुनवाई करे तो बेहतर होगा.न्यायमूर्ति कोतवाल ने कहा, ÷ अगर आप (गांधी के वकील कुशल मोर) कह रहे हैं कि इस मुद्दे पर पहले इस उच्च न्यायालय में सुनवाई हो चुकी है तो ऐसे में अगर वही न्यायाधीश इस याचिका पर सुनवाई करते हैं तो बेहतर होगा.÷ पीठ ने कहा, ÷मोर की दलीलों पर गौर करने के बाद शिष्टाचार यही कहता है कि यह मामला उन्हीं विद्वान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए, जिन्होंने पहले इस मामले की सुनवाई की थ

### कर्मचारियों को पहली तारीख को मिलेगी सैलरी, सीएम केजरीवाल ने 317 कर्मचारियों को पक्का होने का दिया सर्टिफिकेट



दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों के लिए सोमवार (21 अगस्त ) का दिन बड़ा और ऐतिहासिक रहा. सीएम अरविंद केजरीवाल ने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और 317 कर्मचारियों को पक्का होने का सर्टिफिकेट दिया. इस दौरान सीएम ने कहा कि 13 साल बाद एमसीडी के कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को तनख्वाह मिलने लगी है, क्योंकि यहां अब ईमानदार सरकार है. मैं सभी कर्मचारियों से मिला. सभी बेहद खुश हैं. इससे पहले 2010 में कर्मचारियों को एक तारीख को तनख्वाह मिली थी. हम बाकी कर्मचारियों को भी पक्का करेंगे. ये मेरी गारंटी है. हम हर वादे को पूरा करेंगे. अब हम सब मिलकर दिल्ली को देश का ही नहीं, दुनिया का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाएंगे. इस मुहिम में दिल्ली की जनता को भी जोड़ेंगे. सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब ईमानदार सरकार आती है तो माहौल बदल जाता है. कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिलती है तो उनका काम में भी मन लगता है

## विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत 9 राज्यसभा सांसदों ने ली शपथ, कौन-कौन से नाम हैं शामिल?

विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित नौ सांसदों ने सोमवार (21 अगस्त) को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली. राज्यसभा सचिवालय से जारी एक बयान के अनुसार राज्यसभा कक्ष में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को शपथ दिलाई.जयशंकर ने अंग्रेजी में शपथ ली. राज्यसभा सदस्य के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल है. वह पहली बार वर्ष 2019 में निर्वाचित हुए थे. जयशंकर के अलावा राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने वाले भारतीय जनता पार्टी (क्ष्छ्क) सदस्यों में बाबूभाई जेसांगभाई देसाई (गुजरात), केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला (गुजरात) और नागेन्द्र राय (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं.इसके अलावा



तृणमूल कांग्रेस (ञस्ष्ट) के पांच सांसदों ने भी उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली. इनमें डेरेक ओ ब्रायन, डोला सेन, सुखेन्दु शेखर रे, प्रकाश चिक बाराइक और समिरूल इस्लाम शामिल हैं. डेरेक, सेन, इस्लाम और रे ने बांग्ला में शपथ ली.सोमवार को जिन नौ सदस्यों ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली, उनमें से पांच पहली बार निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं. इनमें नागेन्द्र राय, प्रकाश चिक बाराइक, समिरूल इस्लाम, केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला और बाबूभाई जेसांगभाई देसाई शामिल हैंराज्यसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, पांच सदस्यों ने बांग्ला में, तीन ने हिंदी में और दो ने अंग्रेजी में शपथ ली. इस अवसर पर उच्च सदन के नेता और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## चंद्रयान-3 की 23 अगस्त को नहीं हो पाई लैंडिंग तो फिर आगे क्या होगा?

चांद के साउथ पोल पर अभी तक कोई नहीं पहुंचा है. चांद के इसी दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल को उतरकर खोजबीन करनी है. लैंडिंग के बाद ये इस जगह पर मौजूद खनिजों के बारे में पता लगाएगा और डेटा इसरो के पास भेजेगाटाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के खगोल विज्ञान प्रोफेसर मयंक एन. वाहिया ने कहा कि चंद्रयान 3 चांद की सतह पर उतरने वाला है. पहले चंद्रयान मिशन ने साबित किया कि चांद पर पानी है. चंद्रयान-2 मिशन में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर लगाना था लेकिन चीजें ठीक से काम नहीं कर पाई, लेकिन चंद्रयान-2 का मॉड्यूलर मिशन उल्लेखनीय रूप से सफल रहा.




चंद्रमा पर उतरना कितना मुश्किल है, इसका अंदाज़ा लगाने के लिए आप देख सकते हैं कि रूस लूना-25 को उतारने में सफल नहीं हो सका. मुझे पूरा यकीन है कि 23 अगस्त को सफल लैंडिंग होगी. चंद्रयान-3 हमें पानी, जल स्रोतों और खनिजों की पहचान करने में मदद करेगा.अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र-इसरो, अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम. देसाई ने कहा कि 23 अगस्त को, चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने से दो घंटे पहले, हम लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर ये निर्णय लेंगे कि उस समय इसे उतारना उचित होगा या नहीं. यदि कोई भी कारक अनुकूल नहीं लगता है, तो हम 27 अगस्त को मॉड्यूल को चंद्रमा पर उतार देंगे



## सुप्रीम कोर्ट ने नगरपालिका भर्ती मामले में बंगाल सरकार की याचिका खारिज की, क्या है पूरा केस?

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (21 अगस्त) को कलकत्ता हाई कोर्ट के 15 जून के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर विचार करने से इनकार कर दिया. हाई कोर्ट ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो  और प्रवर्तन निदेशालय को विभिन्न नगर निकायों में कर्मियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच करने को कहा था.चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया. पीठ ने कहा कि कथित नगरपालिका भर्ती घोटाला प्रथम दृष्टया शिक्षक भर्ती मामले से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है, जिसकी जांच सीबीआई और ईडी की ओर से की जा रही है. न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के अनुसार, पीठ ने कहा, फ्नहीं, क्षमा करे, इसे खारिज किया जाता है.फ्र पीठ राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की इस दलील से भी सहमत नहीं हुई कि यह कहा जाए कि इस मामले की जांच भी सीबीआई और ईडी से कराने के उच्च न्यायालय के आदेश को नजीर नहीं माना जाएगा. वरिष्ठ वकील सिब्बल ने कई फैसलों का हवाला देते हुए दलील दी कि अगर केंद्रीय एजेंसियों को इस तरह से जांच की अनुमति दी गई तो इस प्रकार के मामलों से निपटने की राज्य सरकार की शक्ति क्षीण हो जाएगी.सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट ने मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंप कर अपने फैसले में गलती की है क्योंकि इस बात को साबित करने के लिए कोई सामग्री नहीं है कि राज्य कथित घोटाले की जांच नहीं कर सकता

## भारत की ब्रह्मोस मिसाइल से क्यों खौफ में है पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत के साथ कई जंग लड़के हर बार मात खाने वाला पाकिस्तान अपनी हर रक्षा तैयारी भारत की फौजी ताकत को दिमाग में रखकर करता है. पाकिस्तान को खौफ रहता है कि भारत के  पास कहीं कोई ऐसा हथियार ना आ जाए जिसकी काट उसके पास ना हो. भारत की पृथ्वी और अग्नि जैसी बैलेस्टिक मिसाइल्स की टक्कर में पाकिस्तान गौरी और शाहीन जैसी मिसाइल्स बना चुका है, लेकिन भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है और इसे वो हर हाल में डीकोड करना चाहता. भारत की सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस की ताकत को पाकिस्तान देख चुका है और उसे भारत की ही एक गलती से ब्रह्मोस की ताकत का पता चला है और पाकिस्तान के लिए अब ब्रह्मोस की काट खोजना बेहद जरूरी हो गया है. पाकिस्तान ब्रह्मोस से इतना ज्यादा खौफ खा रहा है कि उसने अपने पूरे जासूसी नेटवर्क को ब्रह्मोस को डीकोड करने के काम पर लगा दिया है. दरअसल, बीते साल जब यूक्रेन की जंग अपने शबाब पर पहुंच रही थी और इस जंग के वर्ल्ड वॉर में बदल जाने की आशंकाएं जताई जा रही थीं तो उस वक्त भारत और पाकिस्तान के बीच एक ऐसी घटना हुई थी जो इन दोनों देशों के बीच एक और जंग करा सकती थी. 9 मार्च 2022 को भारत की एक मिसाइल पाकिस्तान में जा कर गिरी थी. पाकिस्तान के खानेवाल जिले के कस्बे मियां चन्नू में जाकर गिरने से पहले ये मिसाइल सात मिनट तक हवा में रही थी और उन सात मिनट तक पाकिस्तान की सांसें भी अटकी रहीं. क्योंकि पाकिस्तान को लगा कि कहीं भारत ने हमला तो नहीं कर दिया. भारत के अंबाला के पास एक सेंटर से गलती से ये मिसाइल टेस्टिंग के दौरान फायर हो गई थी. गनीमत की बात ये थी कि इस मिसाइल में कोई वॉरहेड नहीं लगा था लिहाजा मियां चन्नू  इलाके में जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन भारत की इस गलती ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस की कलई खोल कर रख दी. पाकिस्तान आर्मी ने ये दावा तो किया कि उसने भारत के




हिसार सेंटर से  सुपरसोनिक स्पीड से आते एक प्रोजेक्टाइल को ट्रैक कर लिया था, लेकिन पाकिस्तान अपनी ओर आते उस प्रोजेक्टाइल को इंगेज नहीं कर सका या अगर दूसरे शब्दों में कहें तो पाकिस्तान अपनी ओर आते हुए खतरे को देख कर भी उस पर हमला नहीं कर सका और यही बात पाकिस्तान को पसीना ला रही है कि अगर भारत के साथ जंग हुई तो ब्रह्मोस मिलाइल बिना वॉरहेट के हमला करने नहीं आएगी और उसे इंगेज कर पाने की क्षमता पाकिस्तान के पास नहीं है. पाकिस्तान ने हाल ही में चीन से ॥क्ष-9 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदा था, लेकिन ब्रह्मोस को इंगेज कर पाना उसके बस की बात नहीं है. 9 मार्च, 2022 को हुए इस वाक्या ने पाकिस्तान की पोल तो खोली, लेकिन उसे ब्रह्मोस को वो मलबा हासिल हो गया जिसपर उसने अपने इंजीनियर्स को रिसर्च करने पर लगा दिया है. यही नहीं पाकिस्तान की ओर से भारत में ब्रह्मोस या बाकी मिसाइल प्रोजक्ट से जुड़े वैज्ञानिकों को हनीट्रैप करके उनसे ब्रह्मोस का सीक्रेट हासिल करने की कोशिश कर रहा है. ब्रह्मोस मिसाइल कितनी घातक है. ब्रह्मोस एक ऐसी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसके इस्तेमान भारत की तीनों सेनाएं यानी इंडियन एयरफोर्स, इंडयन आर्मी और इंडियन नेवी इस्तेमाल करती हैं. इस घातक मिसाइल को भारत और रूस दोनों देशों ने एक साथ मिलकर तैयार है. शुरुआत में इस मिसाइल का रेंज मात्र 290 किलोमीटर तक ही था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 300-400 किलोमीटर तक कर दिया गया है. ब्रह्मोस मिसाइल की मैक्सिमम स्पीड  मैक 3 से अधिक है यानी की यह मिसाइल आवाज की गति से लगभग तीन गुना अधिक तेजी से मार करने में भी सक्षम है. और इसकी यही तेजी पातिस्तान के लिए मुसीबत बन गई है. हाल ही में इंडियन एयरफोर्स ने इस सुपरसोनिक मिसाइल को सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट के साथ इंटीग्रेट करके एक ऐसा घातक कॉम्बिनेशन तैयार कर लिया है जिसने ब्रह्मोस की मारक क्षमता को कई गुना कर बढ़ा दिया है. एयरफोर्स के लिए तैयार की जा रही ब्रह्मोस की रेंज को 500 किलोमीटर तक बढ़ाए जाने की संभावना है. सुखोई 30 फाइटर जेट की रेंज 1500 किलोमीटर तक है. यानी इन दोनों को मिला दिया जाए तो सुखोई-30 से दागी गई मिसाइल की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है और पाकिस्तान के भीतर मौजूद कोई भी टारगेट ब्रह्मोस की जद से बाहर नहीं होगा. इसीलिए इसे अब एक टेक्टिकल नहीं बल्कि स्ट्रेटेजिक हथियार कहा जा रहा है. इसका एक छोटा वर्जन भी तैयार किया जा रहा है जिसे मिराज 2000 और मिग 27 जैसे हल्के विमानों में इंटीग्रेट किया जा सके. यानी इंडियन एयरपोर्स की फ्लीट के लड़ाकू विमानों को ब्रह्मोस के रूप में एक ऐसा ब्र्ह्मास्त्र मिल रहा है जिसकी काट खोजना भारत के दुश्मनों के लिए मुश्किल है.  भारत और रूस ब्रह्मोस के हाइपरसोनिक वर्जन को बनाने के लिए भी काम कर रहे जो मैक 7 यानी आवाज की गति से सात सात गुना तेजी से अपने टारगेट को भेदने में सक्षम होगी.  ब्रह्मोस की तेजी ही नहीं बल्कि उसकी सटीकता और रडार की पकड़ में ना आ पाने की क्षमता ने उसे बेहद घातक बना दिया है. ब्रह्मोस भारत के तरकश में ऐसा तीर है जिससे पाकिस्तान का आका यानी चीन भी परेशान है. साउथ चाइना सी में चीन का पड़ोसी और उससे परेशान देश फिलीपींस भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीद रहा है जिसकी पहली खेप भी जल्द डिलीवर होने वाली है. यानी साफ है. भारत की ब्रह्मोस ना सिर्फ पाकिस्तान बल्कि चीन के लिए सिरदर्द बन गई है और इसीलिए पाकिस्तान किसी भी हाल में उसे डीकोड करना चाहता है.

# दुनिया की सबसे बड़ी योजना है लाड़ली बहना योजना: मुख्यमंत्री श्री चौहान

## सनघटा सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने से पिछोर भी पंजाब की तरह होगा हरा-भरा: केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया, सवा करोड़ बहनों के खाते में हर माह पहुँच रहे हैं एक हजार रूपए, पिछोर में 409 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन





**राकेश परिहार पिछोर**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। सवा करोड़ बहनों के खाते में सरकार हर माह एक हजार रूपए डाल रही है। एक वर्ष में बहनों के खातों में 15 हजार करोड़ रूपए पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को शिवपुरी जिले के पिछोर तहसील मुख्यालय पर आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। सम्मेलन में उनके साथ केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि माताओं और बहनों के चेहरे पर मुस्कान लाने की योजना है लाड़ली बहना योजना । लाड़ली बहना योजना में एक हजार रूपये की राशि को धीरे-धीरे बड़ाकर 1250 रूपये, 1500 रूपये, 1750 रूपये, 2000 रूपये, 2250 रूपये, 2500 रूपये, 2750 रूपये और फिर 3000 रूपये प्रतिमाह तक किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़, श्री प्रीतम सिंह लोधी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। विधायक कोलारस वीरेन्द्र रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्षा नेहा यादव, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, प्रीतम लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना सम्मेलन के साथ ही 409 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछोर की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पिछोर को जिला बनाने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। आने वाले दिनों में पिछोर जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जनता के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। माँ-बहनों के जीवन से गरीबी दूर करना ही हमारा एक मात्र मकसद है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पिछोर जिले की सनघटा सिंचाई परियोजना जो 150 करोड़ रूपए की लागत से पूरी होगी। इससे 10 हजार किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न केवल देश में, विश्व में बल्कि अब चाँद पर भी चंद्रयान के माध्यम से भारत का ध्वज लहरायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं के माध्यम से देश भर में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश अनेक योजनाओं क क्रियान्वयन में देश भर में सिरमौर बना है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछोर से सिंधिया परिवार का पुराना रिश्ता है। यहाँ के विकास के लिये सिंधिया परिवार हमेशा कार्य करता रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि आज भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पिछोर आए हैं तो 400 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात लेकर आए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 100 बिस्तर का अस्पताल, 150 करोड़ रूपए की सिंचाई परियोजना के साथ ही अन्य विकास कार्यों के लिए यहाँ स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री सिंधिया ने कहा कि सिंचाई परियोजना पूरी होने से पिछोर का क्षेत्र भी पंजाब की तरह हरा-भरा हो जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि पहले बेटियों को बोझ माना जाता था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व काम किया है। इन दोनों योजनाओं की प्रशंसा सम्पूर्ण देश में हो रही है। किसान भाईयों को भी केन्द्र सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि के रूप में 6 हजार रूपए प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी 6 हजार रूपए किसानों के खाते में सम्मान निधि योजना के माध्यम से प्रदान कर रहे हैं। प्रदेश के किसानों को डबल इंजन सरकार का यह लाभ भी मिल रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि गरीब कल्याण के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार मिलकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लाने का कार्य कर रही है। क्षेत्रीय सांसद श्री के पी यादव ने भी इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश की सरकार मिलकर जनकल्याण के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। इससे महिलाओं, किसानों और समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री प्रीतम लोधी ने कहा कि मैं पिछोर की जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि मैं सदैव उनके मध्य रहकर उनके विकास के लिये कार्य करता रहूँगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपेंगे, उसका मैं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूँगा।

**मुख्यमंत्री की जन दर्शन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब**-प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछोर पहुँचकर जन दर्शन यात्रा के माध्यम से जनता से भेंट की और उनका अभिवादन किया। पिछोर के मंडी प्रांगण से छत्रसाल स्टेडियम तक के मार्ग पर हजारों की संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री की जन दर्शन यात्रा में भागीदारी की। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जन दर्शन के दौरान नागरिकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया। विशेष रथ पर जन दर्शन यात्रा के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया उनके साथ थे।

**लाड़ली बहनाओं ने मुख्यमंत्री को बाँधी राखी**-लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लाड़ली बहनाओं ने राखी बांधी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपनी बहनों को दिया सदैव सुखी रहने का आशीर्वाद। इस अवसर पर लाड़ली सेना ने भी मुख्यमंत्री श्री चौहान को स्वयं द्वारा तैयार की गई बड़ी राखी भेंट की।

**इन कार्यों का हुआ भूमि पूजन**-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 385.671 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 16 परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। जिसमें जल संसाधन विभाग 2.64 करोड़ का निचरौली स्टॉप टाइम, 2.33 करोड़ का जुझाई स्टॉप टाइम और 145.45 करोड़ की लागत का सनघटा मध्यम सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करेरा भितरवार रोड से दिहयला तक 12.16 किलोमीटर का उन्नयन कार्य और पपरेडू जंक्शन से सुनारी तक 3.872 किमी का उन्नयन कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर, कोलारस बदरवास और करैरा सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग के तहत पिछोर में बड़ौदा मार्ग से ग्राम सालोरा दाखिली तक नोहरा से हरपालपुरा, सिलपुरा खनियाधाना रोड, नयागांव से छीरारी मार्ग, ग्राम सजाई से पचावली रन्नौद रोड, पिछोर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत पिछोर में जल जीवन मिशन के तहत 44 योजनाओं और करेरा की चार योजनाओं का भूमिपूजन किया।

**लोकार्पण**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछोर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 23.861 करोड़ के 10 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें जल संसाधन विभाग के तहत नैकोरा स्टॉप डैम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दिहयला जंक्शन से सुनारी तक 6.635 किमी और बड़गोर रोड से लमकाना तक 5.816 किमी का उन्नयन कार्य का लोकार्पण, लोक निर्माण विभाग के तहत खनियाधाना सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र, छत्रसाल महाविद्यालय में 6 अतिरिक्त कच्छ निर्माण, बदरवास में सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र और शिवपुरी सुडेश्वर महादेव मंदिर के पास सिरसौद टोडा मार्ग में महुअर नदी पर पहुंच मार्ग सहित पुल निर्माण कार्य, विद्युत विभाग के तहत नवीन 5 एम व्ही ए, 33/11 के व्ही उपकेंद्र बामौर डामरौन, और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत पिछोर की जल जीवन मिशन अंतर्गत एक योजना और करेरा में 3 योजनाओं का लोकार्पण किया।

**हितग्राहियों को किया लाभ वितरण**-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से हितग्राहियों को लाभान्वित किया। जिसमें पिछोर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी कुमारी काव्या को लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 1 लाख 43 हजार का आश्वासन प्रमाण पत्र दिया। मुहार ग्राम निवासी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष लीलावती लोधी को 5 लाख का बैंक लिंकेज स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत भौंती निवासी मनीषा लोधी को 3.99 लाख का चेक, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत खोड निवासी नितिन गुप्ता को किराना दुकान के लिए 6 लाख रुपये ऋण का चेक और भौंती निवासी संतोष कुमार गुप्ता को पीएमएफएमई योजना के तहत मूंगफली दाना प्लांट के लिए 27 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

## नगर पालिका मैं चल रही कर्मचारियों की मनमर्जी, बिना जानकारी के जेसीबी लेकर पहुंच गया सदर बाजार



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** शिवपुरी नगर पालिका के कर्मचारियों की ऊनी ही मर्जी चल रही हैं आज कल हर व्यक्ति जब चाहे जेसीबी को किसी के भी घर के आगे लेकर ओआहुच रहा है जिसकी जानकारी न ही अन्य किसी अधिकारी को दी जाती हैं और न ही नगर पालिका अध्यक्ष को अब सबाल ये हैं कि सच मैं जानकारी नही दी गई या जानकारी न देने की कहानी बनाई गई हैं आज शिवपुरी के सदर बाजार में आज नगरपालिका की जेसीबी नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा और सीएमओ केशव सिंह सगर की बिना जानकारी के ही पहुंच गई ड्राइवर ने जैसे ही जेसीबी सदर बाजार की गली में घुसाना चाहा तो व्यापारियों ने एकत्रित होकर चक्का जाम कर डाला व्यापारियों में यह नाराजगी देखी गई. व्यापारियों ने कहा कि त्यौहार पर ही अतिक्रमण मुहिम चलाई जाती है और चुनाव से ठीक पहले भी यह अतिक्रमण मुहिम समझ से परे हैं. व्यापारियों ने कहा कि वैसे ही व्यापारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और अब रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में अतिक्रमण मुहिम सही नहीं है. वहीं व्यापारियों ने भी अनिश्चितकालीन धरना का बैनर सदर बाजार में लगा दिया साथ ही चुनाव बहिष्कार करने का बखान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि किस तरह से जेसीबी यहां पहुंची हमारी जेसीबी तो मुरम के काम से गई थी उसकी वह जांच कराएंगे और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे. वहीं व्यापारियों ने बताया कि जब उन्होंने ड्राइवर से पूछा कि जेसीबी किसके आदेश से आई है. तो ड्राइवर ने व्यापारियों को नगर पालिका में पदस्थ त्रिपाठी का नाम बताया इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष से सभी व्यापारियों ने त्रिपाठी को सस्पेंड करने की मांग की है.

## भाजपा को एक और बड़ा झटका
### जीतेन्द्र जैन गोटू 24 को थामेगे कांग्रेस का हाथ

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते हे शिवपुरी जिले में भाजपा को एक और झटका लगने वाला है भाजपा जितेंद्र जैन गोटू प्रेस कॉन्फ्रेंस पर आयोजित कर भाजपा की प्राथमिक इस्तीफा दिया था 24 अगस्त को कांग्रेस का दामन थामने के लिए जा रहे हैं जितेंद्र जैन गोटू कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस का दामन थामेंगे। मिली जानकारी के अनुसार नजदीकी कार्यकर्ता भी भोपाल जाकर कांग्रेस ज्वाइन करेंगे हालांकि इससे पहले जिन्होंने भी कांग्रेस ज्वाइन करें वह गाड़ियों का लंबा काफिला लेकर भोपाल पहुँचे। जिसमें बैजनाथ यादव और राकेश गुप्ता कई वाहनों से काफिला निकालकर भोपाल पहुंच कर कांग्रेस का दामन थामा था। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गोटू जैन अपने नजदीकी कार्यकर्ताओं के साथ जाकर कांग्रेस का दमन थामेंगे। जितेंद्र जैन गोटू को कोलारस विधानसभा से हालांकि अभी जिन्होंने भी कांग्रेस की सदस्यता ली है उनमें से अभी तक किसी का नाम सामने नहीं आया है।

## भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने सभा समाप्त होने के बाद रैली निकालकर ममता मीना में अपनी आस्था को प्रकट किया

**अमित शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**



चाचौड़ा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निकाली गई प्रथम सूची में प्रियंका पर्ची का नाम घोषित होने के बाद ममता मीना के समर्थन में निकाली रैली पूर्व विधायक ममता मीणा द्वारा जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं को एकत्र कर राय ली गई थी कि आप निश्चित करें कि पार्टी द्वारा मुझे टिकट नहीं दिया गया है आगे मुझे क्या करना चाहिए हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं ने ममता मीना के नेतृत्व में अपनी आस्था दिखाते हुए कहा कि पार्टी को टिकट बदलना चाहिए ममता दीदी आप संघर्ष करो हम आपके साथ हैं। सवाई स्थल से कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ममता दीदी के समर्थन में हजारों कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर रैली निकाली एवं ममता मीना में अपनी आस्था दिखाते हुए उनका साथ देने का वादा किया।

## भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित प्रत्याशी के नाम के बाद भाजपा से प्रबल दावेदार पूर्व विधायक ममता मीना ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं की रखी बैठक



**अमित शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

चाचौड़ा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी का नाम घोषित होने के बाद से भाजपा में पार्टी पदाधिकारी ही भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी प्रियंका पेची के साथ नजर आ रहे हैं कार्यकर्ता एवं मतदाता का झुकाव पूर्व विधायक ममता मीना के साथ ही खड़ा दिख रहा है क्योंकि ममता मीना दीदी ने हमेशा अपने मतदाताओं के सुख-दुख में शामिल होकर मतदाताओं के बीच अपनी पहचान बनाई थी पार्टी के शीर्ष द्वारा उन्हें नजरअंदाज करना कहीं ना कहीं आखिर पार्टी को भुगतना पड़ेगा पूर्व विधायक ममता मीना के बेटे द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी चाचौड़ा में ममता मीना को टिकट नहीं तो चाचौड़ा में बीजेपी भी नहीं यह टिप्पणी आज सही होती दिख रही है क्योंकि आज के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए एवं पूर्व विधायक ममता मीना में अपनी आस्था दिखाते हुए कहा कि ममता दीदी आप संघर्ष करो हम आपके साथ हैं अगर पार्टी टिकट नहीं देती है तो आप चुनाव लड़ो हम आपका साथ देंगे पूरे घटनाक्रम को देखते हुए लग ता है कि पूर्व विधायक द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद खुलकर विरोध जताते हुए कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप चुनाव लड़ती है या नहीं भाजपा की अंतर कलह से आखिर नुकसान भाजपा को ही होना है अब देखना यह है की कौन किस पर भारी पड़ता है।

# श्री आई माताजी वैल का बासनी गांव में बधावा किया गया



दैनिक पुष्पांजली टुडे
रिपोर्टर खंगारराम
मुलेवा गुड़ा
मोकमसिंह

पाली जिला स्थिति ग्राम बासनी गांव में 21 अगस्त 2023 वार सोमवार श्रावण शुक्ल पंचमी को श्री आई माताजी धर्म रथ वैल और श्री आई माताजी मंदिर बडेर बासनी जोजावर के दर्शन।बासनी में श्री आई माताजी धर्म रथ वैल बधावे के साथ आज धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें दीपाराम काग गुड़िया द्वारा सुनाये गये श्री आई माताजी के इतिहास को सभी ने तन्मयता से सुना फिर महेन्द्र महाराज कापसी द्वारा संस्कार निर्माण पर उद्बोधन दिया सभी ने पूर्ण मनोयोग से सुना।

# अम्बाह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आने को लेकर अम्बाह पोरसा महुआ दिमनी कॉग्रेस कमेठी की तैयारी जोरो पर...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय कमलनाथ जी के 25 अगस्त को अम्बाह विधानसभा में आगमन की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह,पोरसा, महुआ,दिमनी विधानसभा के सिहोनिया, ?गनी,दिमनी ब्लॉक की मीटिंग आज श्री राम वाटिका में अम्बाह ब्लॉक अध्यक्ष श्री उमचारण कटारे जी के नेतृत्व में संपन्न हुई कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री शहीद श्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके हुई सभी ने 2 मिनिट मौन धारण कर श्री राजीव गांधी को



श्रद्धांजलि दी।जिसमें मुरैना जिला प्रभारी बालेंदु शुक्ला जी,जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना जिला अध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर जी, मुरैना शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा जी,दिमनी विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर जी, पूर्व जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर जी,सह प्रभारी लती? खान मल्लू जी,आर डी सिंघल जी,बी पी रावत जी,एवं अन्य ब्लॉक अध्यक्ष गण, पार्षद गण,कांग्रेस पार्टी के संभावित प्रत्याशी,पधाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और आगामी 25 अगस्त को आदरणीय कमलनाथ जी की जनसभा को सफल बनाने के लिए अपने अपने विचार रखे।अंत में ब्लॉक अध्यक्ष श्री उमचारण कटारे जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं :कलेक्टर



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों के निराकरण प्राथमिकता से करें। बैठक इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त विभाग सीएम हैल्पलाईन में लंबित शिकायतों के निराकरण प्राथमिकता से करें साथ ही सभी विभाग शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण में भी फोकस करें ताकि जिले की ग्रेडिंग में कमी न आए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक किया जाए, बिना कार्यवाही के कोई भी शिकायत लम्बित नहीं रहे। जो भी जवाब दर्ज करें, वह गुणवत्तापूर्ण हो,इसका विशेष ध्यान रखें। मांग आधारित शिकायतें जिनकी पूर्ति की जाना संभव नहीं है उनको फोर्स क्लोज की करवाई की जाए। उन्होंने बिना सूचना के टीएल बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने निर्देश दिए।उन्होंने बैठक में ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर कहा कि उनके यहां जितने भी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण हैं उनको तत्परता से निराकरण कर विभाग की रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, 24 अगस्त को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस कार्यक्रम की तैयारियों, सामान्य निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों, ला?ली बहना योजनाध्लाडली बहना सेना, उपार्जन, जिले में खाद की खाद उपलब्धता, नाला साफ सफाई, स्वच्छता सर्वेक्षण, डीओ लेटर की समीक्षा, जल जीवन मिशन योजना, इंटर डिपार्टमेंट समन्वय बिंदु सहित अन्य समय सीमा संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शिवराज सरकार ने पीएम मोदी के एक ही ईवेन्ट पर फूंक दिये 20 करोड़ : डॉ. गोविन्द सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
पुष्पांजली टुडे

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि दिनांक 27/06/2023 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शहडोल जिले का दौरा कार्यक्रम निरस्त हुआ एवं 01 जुलाई 2023 को पुनः कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के निरस्त होने एवं कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था सुभाष चन्द्र जोशी द्वारा की गई। इस इवेंट पर लगभग 19 करोड़ 63 लाख 66 हजार 635 रूपये की राशि का भुगतान स्वास्थ्य विभाग के बजट से किया जा रहा है।नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि गरीबों के इलाज की राशि श्री मोदी के ईवेन्ट पर खर्च कर प्रदेश के लाखों गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने इसकी कडी निंदा करते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# पुलिस ने 3 लाख 65 हजार रूपये की देशी शराब जप्त की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये सभी जिलो में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित दिया गया था जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।मुखबिर की सूचना पर दिनांक 19/08/23 को एक बोलेरो गाडी कर्मांक एमपी 31 सीए 0621 सफेद रंग की उक्त गाडी में काफी मात्रा में शराब भरी है जो मौ से मेहगाँव तरफ आ रही है उक्त सूचना से मय फोर्स के रवाना होकर पहुचे तो मेहगाँव अमायन मोड पर मुखबिर द्वारा बताये अनुसार एक बोलेरो गाडी आती दिखी जिसे सायबर सेल व थाना मेहगाँव की पुलिस टीम द्वारा रोका गया तभी बुलेरो गाडी को चेक किया तो गाडी में देशी प्लेन मदिरा की 20 पेटियाँ खाकी रंग के कार्टून की भरी हुई मिली चालक से पूछा तो शराब के बारे में कुछ नही बता सका एवं शराब के संबंध में कोई कागजाद नही होना बताया उक्त 20 पेटियाँ कुल 180 लीटर शराब एवं बुलेरो गाडी कीमती 3 लाख 65 हजार रूपये की जप्त की गयी एवं आरोपी को गिरफ्तार कर थाना मेहगाँव में 34 (2) आबाकारी एक्ट का पंजीबध विवेचना में लिया गया आगे भी अवैध शराव के परिवहन विकी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी बरामद मशरुका-एक बुलेरो गाडी सफेद रंग की क्र. एमपी 31 सीए 0621, 20 पेटी देशी शराब कुल बरामद माल - मशरुका की अनुमानित कीमत 3,65,000 /- रुपये ।उल्लेखनीय कार्य में मेहंगाव थाना प्रभारी निरीक्षक ओ. पी. मिश्रा, एसआई सुमन धाकड,एसआई दीपेन्द्र यादव,एसआई शिवप्रताप सिंह राजावत,एसआई वैभव तोमर, एएसआई सत्यवीर सिहं,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,महेश कुमार, सतेन्द्र यादव,आरक्षक आनन्द दीक्षित,गोरीशंकर,राहुल यादव,यतेन्द्र राजावत,राम खिलाड़ी, हरपाल,प्रदीप तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अहंकार है पतन का कारण : शीतल संत राजाराम



पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में चातुर्मास विराजित शीतल संत राजाराम महाराज ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य के जीवन में अहंकार उसके पतन का कारण बनता है किसी भी साधनाशील व्यक्ति को निरंकार भाव परमात्मा की ओर ले जाता है और अहंकार भाव संसार रूपी गृत की ओर ले जाता है......इस संसार में कई बड़े से बड़े व्यक्ति हुए पर किसी का भी अहंकार कायम नही रहा। व्यक्ति को अहम भाव नही रखना चाहिए मनुष्य केवल और केवल इस प्रकृति में निमित मात्र है। व्यक्ति को आनंदपूर्ण जीवन जीने के लिए साक्षी भाव से कर्म करते हुए जीवन जीना चाहिए। इस अवसर पर वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, सह- सचिव केनाराम मुलेवा, मांगीलाल सोलंकी, मदनलाल राठौड़, प्रभुराम परिहार सहित अनेक महिलाएं पुरूष मौजूद थे।

# राजपूत समाज भवन में चल रही भागवत कथा का श्रवण कर श्रद्धालु हो रहे है भाव विभोर

पुष्पाजंली टुडे
नारायणलाल सेंणचा

**बेंगलुरू ।**राजपूत समाज भवन कर्नाटक राणासिंह पेट में संत चल रही भागवत कथा का श्रद्धालु श्रवण पान भाव विभोर हो रहे है। श्रीमद् भागवत कथा के तहत रविवार को भागवत कथा में प्रवचन देते हुए संत रामप्रकाश महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म एंव लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संत रामप्रकाश ने कथा में कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है।जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नही है। उन्होंने कहा कि प्रभु हमें समझाना चाहते है कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। कथा के बीच बीच में जयकारों के साथ संगीतमय भजनों कि प्रस्तुति दि जा रही है। कथा के पश्च्यात



आरती का आयोजन हो रहा है। कथा मे कई प्रसंगो का वर्णन किया गया। ठाकुरजी को 56 भोग की प्रसादी भोग लगाकर आरती कर प्रसादी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में प्रसादी के लाभार्थी जबरसिंह दया, मगसिंह दया,मोड़सिंह चौहान रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीरवी समाज बलेपेट वडेर के सचिव अमराराम चोयल, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, राजूराम बर्फा का समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनोहरसिंह कुपावत, उपाध्यक्ष सुजानसिंह चौहान कोषाध्यक्ष मनोहरसिंह सोलंकी, सचिव रविंद्र सिंह परिहार पूर्व अध्यक्ष गाइडसिंह, मदनसिंह चौहान, सोहनसिंह बालावत, गणपतसिंह राठौ? सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सोहनसिंह बालालत ने बताया कि कथा में प्रतिदिन 36 कोम के श्रद्धालु कथा का लाभ ले रहे।

# प्राचीन बनखण्डेश्वर मंदिर का मुख्य द्वार न तोड़ने की युवाओं ने प्रशासन से लगाई गुहार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** शहर स्थित श्री वनखंडेश्वर महादेव मन्दिर आज अपनी प्राचीनता के लिये जाना जाता है। इस मन्दिर से पृथ्वी राज चौहान का नाम भी जुड़ता है। इसी महादेव मन्दिर का प्राचीन व भव्य दरवाजा जो लगभग तीन शताब्दी से भी पुराना होकर सिंधिया व मराठा स्थापत्य शैली का बेजोड़ प्रतीक है। उसे आज उन लोगों के द्वारा जिनकी नजर में प्रचीनता कुछ भी महत्व नहीं है, नवीन निर्माण की बली वेदी पर भेंट च?ाया जा रहा है।सभी भक्तों ने उसको संरक्षित संरक्षित किये जाने के लिये शासन -प्रशासन से मांग रखी है कि इस प्राचीन दरवाजे के मूल स्वरूप को सरंक्षित किया जाए। सभी भक्त गण महेश कुमार मिश्र,नमन सिरोठिया, विकाश शर्मा, प्रतीक मिश्र, रोहित शुक्ल, अभिनव भदौरिया, उदू अत्रे, कुशाग्र मिश्र, निखिल मनी सहित शिव भक्त मौजूद रहे।



# राजस्व एवं पुलिस अधिकारी सामंजस्य एवं समन्वय बनाकर प्रबंधन करे : कलेक्टर

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर भिण्ड के सभाकक्ष में समस्त रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तथा जिले के समस्त थाना प्रभारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा स्तर पर वल्नरेवलटी मैंपिंग तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की जानकारी तैयार करने के पूर्व राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के मध्य सामंजस्य एवं समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए गए। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की ग्राम/उपग्राम क्षेत्रवार पहचान करना, अतिसंवेदनशीलता उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, अतिसंवेदनशीलता उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध निवारक कार्यवाही करने, वल्नरेविलटी एवं क्रिटिकल की जानकारी में संबंधित क्षेत्र के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से सटीक जानकारी प्राप्त कर पहचान करने, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अधिक से अधिक अपने पड़ोसी प्रदेश के अधिकारियों के साथ बोर्डर मीटिंग करें, बोर्डर बैठक थाना स्तर, तहसील स्तर एवं अनुभाग स्तर से भी आयोजित कर अपराधिक व्यक्तियों की जानकारी का आदन-प्रदान कर समुचित जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए। भिण्ड जिले में कुल 1476 मतदान केन्द्र हैं निर्देशानुसार 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों या इससे भी अधिक मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग कराये जाने के निर्देश हैं, ऐसी स्थिति में क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का संयुक्त भ्रमण कर चिन्हांकन करने, विधानसभा एवं अन्य जिले के बोर्डर से लगे हुए मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची की गहन जांच करने, विधानसभा एवं जिला स्तर पर पुलिस बल रूकने के लिए स्थान का चयन कर, अधिग्रहित की कार्यवाही करने, रूकने के स्थान पर समुचित व्यवस्था करने, अवैध शराब के संबंध में पुलिस अधिकारीध्आवकारी अधिकारी को कार्यवाही करने, सोशल मीडिया पर डाले जाने वाली पोस्टों पर नियंत्रण रखना एवं भड़काऊ पोस्ट डालने वाले व्यक्तियों को चिंहित कर ग्रुप एडिमिन पर भी कार्यवाही करने, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने निर्देश दिए गए। उन्होंने उक्त कार्यवाहियों हेतु राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को समस्त जानकारी अपर जिला दण्डाधिकारी एवं नोडल अधिकारी कानून व्यवस्था को संग्रहित करने के लिए कहा।

# मौं मंण्डल में कुशवाहा समाज ने किया लाल सिंह आर्य जी के समर्थन बैठक सम्पन्न

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. वेताल सिंह गौड़**

नगर परिषद उपाध्यक्ष पति पंकज कुशबाह ने कहा कि जल्द से जल्द टेंन्डर नगर परिषद द्वारा लग जायेगा 10 लाख रूपये की स्वीकृति लाल सिंह आर्य जी द्वारा लगभग 2 महिने पहले आ चुकी है। बही मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने कहा कि लाल सिंह आर्य जी ने सदैंव कुशबाह समाज का मान सम्मान बडाने का कार्य किया मौं नगर मे 1 पार्षद होने के बाबजूद उपाध्यक्ष बनाया अभी हाल में ही नगर परिषद के चुनाब हुये थे जिसमे गोहद बिधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने गोहद में कुशबाह समाज के लिये हर नगर परिषद में टिकिट देकर दिखा दिया हैं हम जो कहते बो करते लाल सिंह आर्य जी द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष एंव नगर परिषद ष्द्धश को बोल दिया और नगर पालिका द्वारा जल्दी से जल्दी पार्क बनेगा।



क्षेत्र के कुशवाहा समाज की बैठक सेवड़ा रोड पर संपन्न हुई मौ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से सभी पंचायतों से करीब 500 प्रतिष्ठित लोगों आए समाज में सभी प्रबुद्ध जनों ने एक स्वर में आनेवालेविधानसभाचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य जी को भरपूर समर्थन देने की बात कही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शंकर सिंह कुशवाहा जी मघन ने की सभी वक्ताओं ने कहा कि लाल सिंह आर्य जी ने हमेशा कुशवाहा समाज के हित में कार्य किए हैं और समाज के हर व्यक्ति को सम्मान दिया है एवम् कुशवाहा समाज का भाजपा में सम्मान देने का काम किया है अगर बात मौ नगर की लेकर चलें तो मौ में भाजपा का मंडल अध्यक्ष भी कुशवाहा समाज से है और तो और नगर परिषद मौ में कुशवाहा समाज का उपाध्यक्ष ससभी प्रबुद्धजनों न कहा है कि हम हमेशा आदरणीय लालसिंह आर्यजी के साथ है और पूरी ताकत के साथ आने वाले चुनाव में वोट करेंगे। इस अबसर पर बिजय सिंह कुशबाह जिला अध्यक्ष कुशबाह महासभा भिण्ड जगत सिंह कुशबाह मंण्डल अध्यक्ष कुशबाह महासभा मौं मोहन सिंह कुशबाह ओम प्रकाश कुशवाहा जी पूर्व पार्षद। गुरदयाल कुशवाहा जी संतोष कुशवाहा जी रवि कुशवाहा देवेंद्र कुशवाहा ओमप्रकाश कुशबाह गोपाल सिंह कुशबाह भाजपा मंण्डल अध्यक्ष मौं रामू कुशबाह जिला आईटी प्रभारी भाजपा भिण्ड बेनीराम कुशबाह अजव सिंह कुशबाह सरपंच डां रामभरोसे कुशबाह करन सिंह बीर सिंह मिश्री कुशबाह सरपंच करन सिंह मेहरबान सिंह लायकराम अतर सिंह कोक सिंह रामप्रकाश पीतम कुशबाह अलबेल सिंह डां अगद सिंह बच्चू कुशबाह डां कप्तान सिंह भगबानदास कुशबाह दिनेश कुशबाह हुकुम सिंह कुशबाह आदिराम



कुशबाह पन्नालाल कुशबाह रामस्वरूप कुशबाह कैलाश कुशबाह नीरज कुशबाह सुनील कुशबाह छोटेलाल कुशबाह डां अगद कुशबाह गयाप्रसाद कुशबाह अतर सिंह कुशबाह हरिग्यान कुशबाह आदि।

# समय सीमा पत्रकों का करें समय सीमा में निराकरण-कलेक्टर

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने विभिन्न विभागों को मार्क किये गये टीएल पत्रकों का समय सीमा में निराकरण कर कृत कार्यवाही पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन के महत्वपूर्ण पत्र एवं आम लोगों की त्वरित हल की जाने वाली समस्याओं को टीएल मार्क किया जाता है। सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर इनका निराकरण सुनिश्चित करें। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झा?, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर ऋषि पवार, एसडीएम आरती यादव, आरएन खरे, सुरेश जादव, एसके गुप्ता, सुधीर बेक, आरती सिंह, एपी द्विवेदी, जितेन्द्र वर्मा, सभी जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर अनुराग वर्मा ने समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने नाट अटेण्ड पत्रकों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों को टीएल पत्रकों के समय



सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस सप्ताह 1029 शिकायतें कम हुई है। लेकिन 16836 शिकायतें अभी भी लंबित है। सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का तेजी से निराकरण करें और इन्हें 10 हजार की संख्या तक लाये। उन्होंने कहा कि 50 दिन से ऊपर की शिकायतें भी 7 हजार से ऊपर हो गई है। लोक सेवा गारंटी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा बाह्य आवेदन नहीं होने चाहिए। विहित प्राधिकारी समय पर निराकरण करें। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन, खाद्यान्न वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण, उच्च न्यायालयों के प्रकरण, रेलवे भू-अर्जन की समीक्षा भी की। जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि 23 अगस्त को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मेधावी छात्रों को भोपाल से स्कूटी का वितरण करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम व्यंकट क्रमांक एक स्कूल के पीछे मैदान में रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में अंतिम तारीख तक 21 से 22 वर्ष की 12033, ट्रेक्टर युक्त परिवार की 10 और 23 से 60 वर्ष की 2786 महिलाओं सहित 14829 नवीन हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की सभी हितग्राहियों के खाते डीबीटी क्लीयर करने के निर्देश दिये हैं।

# तीर्थस्थान भीड़ कैसे संभले?

**तीर्थस्थानः** जो नए निर्माण हो रहे हैं या भविष्य में होंगे उनमें भवन निर्माण के नियमों का पालन नही हो रहा।



■ विनीत नारायण

तीर्थस्थलों पर यात्रियों का सागर उमड़ पड़ा है। इतनी भीड़ आ रही है कि कहीं भी तिल रखने को जगह नही मिल रही।आज से दो वर्ष पहले तक मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन व बरसाना आना-जाना काफी सुगम था। जो आज असंभव जैसा हो गया है। कोविड के बाद से तीर्थाटन के प्रति भी एक नया ज्वार पैदा हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिन्दू तीर्थों के विकास की तरफ जितना ध्यान पिछले सालों में दिया है उतना पिछली दो सदी में किसी ने नही दिया था। यह बात दूसरी है कि उनकी कार्यशैली को लेकर संतों के बीच कुछ मतभेद है। पर आज जिस विषय पर मैं अपनी बात रखना चाहता हूँ उससे हर उस हिन्दू का सरोकार है जो तीर्थाटन में रुचि रखता है। जब से काशी, अयोध्या, उज्जैन व केदारनाथ जैसे तीर्थस्थलों पर मोदी जी ने विशाल मंदिरों का निर्माण करवाया है, तब से इन सभी तीर्थों पर तीर्थयात्रियों का सागर उमड़ पड़ा है। इतनी भीड़ आ रही है कि कहीं भी तिल रखने को जगह नही मिल रही।

इस परिवर्तन का एक सकारात्मक पहलू ये है कि इससे स्थानीय नागरिकों की आय तेज़ी से बढ़ी है और बड़े स्तर पर रोजगार का सृजन भी हुआ है। स्थानीय नागरिक ही नहीं बाहर से आकार भी लोगों ने इन तीर्थ नगरियों में भारी निवेश किया है। इससे यह भी पता चला है कि अगर देश के अन्य तीर्थ स्थलों का भी विकास किया जाए तो तीर्थाटन व पर्यटन उद्योग में भारी उछाल आ जायेगा। इस विषय में प्रांतीय सरकारों को भी सोचना चाहिए। जहाँ एक तरफ इस तरह के विकास के आर्थिक लाभ हैं वहीं इससे अनेक समस्याएँ भी पैदा हो रही हैं।

उदाहरण के तौर पर यदि मथुरा को ही लें तो बात साफ़ हो जाएगी। आज से दो वर्ष पहले तक मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन व बरसाना आना-जाना काफ़ी सुगम था। जो आज असंभव जैसा हो गया है। कोविड के बाद से तीर्थाटन के प्रति भी एक नया ज्वार पैदा हुआ है। मथुरा के इन तीनों तीर्थ स्थलों पर प्रवेश से पहले वाहनों की इतनी लम्बी कतारें खड़ी रहती हैं कि कभी-कभी तो लोगों को चार-चार घंटे इंतज़ार करना पड़ता है। यही हाल इन कस्बों की सड़कों व गलियों का भी हो गया है। जन सुविधाओं के अभाव में, भारी भीड़ के दबाव में वृन्दावन में बिहारी जी मंदिर के आस-पास आए दिन लोगों के कुचलकर मरने या बेहोश होने की ख़बरें आ रही हैं।



भीड़ के दबाव को देखते हुए आधारभूत संरचना में सुधार न हो पाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। जैसे हाल ही में वृंदावन के एक पुराने मकान का छज्जा गिरने से पांच लोगों की मौत और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अब नगर निगम ने वृन्दावन के ऐसे सभी जर्जर भवनों की पहचान करना शुरू किया है जिनसे जान-माल का खतरा हो सकता है। ऐसे सभी भवनों को प्रशासन निकट भविष्य में मकान-मालिकों से या स्वयं ही गिरवा देगा, ऐसे संकेत मिल रहे हैं। ये एक सही कदम होगा। पर इसमें एक सावधानी बरतनी होगी कि जो भवन पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं या जिनकी वास्तुकला ब्रज की संस्कृति को प्रदर्शित करती है, उन्हें गिराने की बजाय उनका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए।

इस सन्दर्भ में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जो नए निर्माण हो रहे हैं या भविष्य में होंगे उनमें भवन निर्माण के नियमों का पालन नही हो रहा। जिससे अनेक समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इस पर कड़ाई से नियंत्रण होना चाहिए। पिछले दिनों यमुना जी की बाढ़ ने जिस तरह वृन्दावन में अपना रौद्र रूप दिखाया उससे स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना डूब क्षेत्र में हुए सभी अवैध निर्माण गिराने के आदेश दिए हैं। फिर वो चाहें घर हों, आश्रम हों या मंदिर हों। स्थानीय नागरिकों का प्रश्न है कि यमुना के इसी डूब क्षेत्र में हाल के वर्षों जो निर्माण सरकारी संस्थाओं ने बिना दूर-दृष्टि के करवा दिए क्या उनको भी ध्वस्त किया जायेगा?

जहाँ तक तीर्थ नगरियों में भीड़ और यातायात को नियंत्रित करने का प्रश्न है इस दिशा में प्रधान मंत्री मोदी को विशेष ध्यान देना चाहिए। हालांकि यह विषय राज्य का होता है लेकिन समस्या सब जगह एक सी है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

अपनी बात
संपादकीय

## मूडीज ने आगाह किया

अर्थव्यवस्था के विकास के जो अनिवार्य पहलू हैं, उनमें सामाजिक शांति, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर, कानून के राज का पालन, और नियम-कायदों पर अमल सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं का निष्पक्षता से काम करना शामिल हैं। इनके बिना अर्थव्यवस्था के विकास की एक भी मिसाल नहीं है।

*अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडी'ज ने सटीक चेतावनी दी है। जिस समय भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था की समझ को जीडीपी वृद्धि तक सीमित कर रखा है, मूडी'ज ने कहा है कि विश्व में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि के मौजूदा ट्रेंड के लिए भविष्य में जोखिम बढ़ सकते हैं। इसके कारण राजनीतिक हैं। इन पंक्तियों पर गौर कीजिएः 'सिविल सोसायटी और राजनीतिक असहमति के दायरे में कटौती के साथ-साथ बढ़ रहा सांप्रदायिक तनाव सियासी जोखिम और संस्थानों की गुणवत्ता की कमजोर तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है।' मूडी'ज ने कहा है कि हालांकि बढ़े राजनीतिक ध्रुवीकरण से सरकार के अस्थिर होने की संभावना नहीं है, लेकिन बढ़ रहे राजनीतिक तनाव से जनोत्तेजक नीतियों के कारण बढ़ रहे खतरों का संकेत मिलता है। ऐसे संकेत क्षेत्रीय और स्थानीय प्रशासन के स्तरों पर भी है। यह स्थिति उस समय पैदा हुई है, जब गरीबी, आय की विषमता, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में गैर-बराबरी जैसे सामाजिक जोखिम पहले से मौजूद हैं। उधर पड़ोसी देशों के साथ तनाव बढ़ रहा है।*

*मूडी'ज ने मणिपुर में जारी हालात का खास जिक्र किया है। यह हकीकत से आंख चुराने की बढ़ती जा रही प्रवृत्ति की ही झलक है कि भारत संबंधी मूडी'ज के आकलन के इस पक्ष को मीडिया के सीमित हिस्से ने ही प्रमुखता से पेश किया। अधिकांश जगहों पर इस "सकारात्मक" बात को सुर्खियों में लाया गया कि भारत की तेज वृद्धि दर फिलहाल बनी रहेगी। बहरहाल, अर्थशास्त्र का कोई सामान्य विद्यार्थी यह जानता है कि वृद्धि दर और विकास कोई अलग-थलग चीज नहीं होती है। अर्थव्यवस्था के विकास के जो अनिवार्य पहलू हैं, उनमें सामाजिक शांति, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर, कानून के राज का पालन, और नियम-कायदों पर अमल को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं का निष्पक्षता से काम करना शामिल हैं।*

## प्रतिगामी दौर में अमेरिका

कंजरवेटिव जजों ने इस दलील को नहीं माना कि माइफप्रिस्टोन का इस्तेमाल जारी रखने या ना रखने का फैसला एफडीए पर छोड़ देना चाहिए। यह हैरतअंगेज है। प्रश्न है कि दवा के बारे में निर्णय विशेषज्ञ समिति नहीं, तो और कौन करेगा?

*अमेरिका में घड़ी की सूई उलटी दिशा में चल रही है। जिस देश की पहचान व्यक्तिगत स्वतंत्रता से रही है, वहां चिकित्सा विज्ञान से स्वीकृत गर्भपात की दवा एक वयस्क महिला कब और कितनी मात्रा में खाएगी, इसे तय करने के कानून बनाए जा रहे हैं। देश के एक फेडरल कोर्ट ने ऐसी दवा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। गनीमत यह है कि यह रोक अभी अमल में नहीं आई है। फेडरल कोर्ट का फैसला तब तक अमल में नहीं आएगा, जब तक यह साफ नहीं होता कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई करने का इच्छुक है या नहीं। लेकिन यह सारा मामला ही पिछले सुप्रीम कोर्ट के आए एक फैसले से गरमाया, जिसके जरिए गर्भपात को वैध ठहराने एक पचास साल पुराने फैसले को पलट दिया गया। इसीलिए इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट के रुख को लेकर आशंकाएं हैं। इस मामले में न्यू ओरलिएंस स्थित कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने कहा कि माइफेप्रिस्टोन नाम की यह दवाई को गर्भावस्था के शुरुआती सात हफ्तों में ही लिया जा सकेगा।*

*इसके साथ ही इसे डाक से मंगाने पर भी रोक लगा दी गई है। जाहिर है, कोर्ट के इस कदम ने महिलाओं के शरीर और प्रजनन के अधिकार संबंधी बहस को एक बार फिर गरम कर दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में होने वाले आधे से ज्यादा गर्भपात के मामलों में इस दवा का उपयोग होता है। फैसला सुनाने वाली न्यायिक बेंच में शामिल तीनों कंजरवेटिव जजों की नियुक्ति दो पूर्व राष्ट्रपतियों डॉनल्ड ट्रंप और जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने। रूढ़िवादी समूह लंबे समय से माइफेप्रिस्टोन को बैन करने की मांग करते रहे हैं। जबकि अमेरिका के फूड ऐंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने साल 2000 में इस दवा को मान्यता दी थी और 2016 से यह सार्वजनिक रूप पर उपलब्ध रही है। इस मामले की सुनवाई के दौरान जजों ने सरकार की इस दलील को नहीं माना कि माइफप्रिस्टोन का इस्तेमाल जारी रखने या ना रखने का फैसला एफडीए पर छोड़ देना चाहिए। यह हैरतअंगेज है। प्रश्न उठा है कि दवा के बारे में निर्णय विशेषज्ञ समिति नहीं, तो और कौन करेगा?*

**समाचार विश्लेषण :**

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की शामत

पाकिस्तान में ईशनिंदा हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है, जहां इस्लाम का अपमान करने पर मौत की सजा तक हो सकती है। आरोप है कि अक्सर इस कानून का अक्सर दुरुपयोग किया जाता है और ईसाईयों को निशाना बनाया जाता है।

पाकिस्तान के फैसलाबाद में बीते हफ्ते एक ईसाई द्वारा कुरान का कथित अपमान करने के बाद लोगों ने चर्चों पर तोड़फोड़ की और चर्चों के आसपास रहने वाले लोगों के घर जला दिए। शहर की जरांवाला तहसील में गुस्साई भीड़ ने एक ईसाई बस्ती में तोड़फोड़ की और कई चर्चों को जला दिया। चर्चों पर हमले के बाद से पाकिस्तान में सुरक्षा हाई अलर्ट पर है।

अमेरिका ने कथित ईशनिंदा की अफवाहों के बाद बुधवार को पाकिस्तान में ईसाईयों के घरों पर हुए हमलों और चर्चों को जलाए जाने पर चिंता व्यक्त की है और मामले की जांच की मांग की है। कुरान के कथित अपमान की अफवाह फैलने के बाद बुधवार को पाकिस्तान के पूर्वी औद्योगिक शहर फैसलाबाद की जरांवाला तहसील में सैकड़ों मुसलमानों की भीड़ ने एक ईसाई बस्ती पर हमला किया, तोड़फोड़ की और चर्चों को जला दिया। घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है, जबकि दो ईसाई युवकों पर ईशनिंदा प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक एक पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि किसी ने अफवाह फैला दी कि जरांवाला में एक स्थानीय ईसाई परिवार ने कथित तौर पर कुरान का अपमान किया है। इसके बाद धार्मिक कट्टरपंथियों की भीड़ ने बस्ती पर लाठियों और पत्थरों से हमला कर दिया। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में चर्च की इमारतों से आग की लपटें और धुआं निकलता देखा जा सकता है।

पाकिस्तान में ईशनिंदा हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है, जहां इस्लाम या इस्लाम के प्रमुख लोगों का अपमान करने पर मौत की सजा तक हो सकती है। कथित तौर पर इसका अक्सर दुरुपयोग किया जाता है और ईसाईयों को निशाना बनाया जाता है। लेकिन कानून में खामियों के कारण दोषी अक्सर बच जाते हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने जरांवाला घटना की निंदा करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में ऐसे हमलों की संख्या और गंभीरता में वृद्धि हुई है और देश को अपने धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी होगी।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि लोग ईशनिंदा कानून का इस्तेमाल निजी दुश्मनी निकालने के लिए और एक दूसरे से बदला लेने के लिए करते हैं और अक्सर धर्म का इससे कोई लेनादेना नहीं होता। 3 दिसंबर 2021 को पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगा कर एक श्रीलंकाई नागरिक प्रियंथा दियावादांगे की हत्या हुई थी। इस मामले में पिछले साल पाकिस्तान की एक अदालत ने दोषी पाए गए लोगों में से छह को मौत की सजा सुनाई थी। मामले में कोर्ट ने कुल 89 लोगों को दोषी पाया था। नौ लोगों को उम्रकेद और अन्य दोषियों को दो से पांच साल तक जेल की सजा दी थी। 2021 में सियालकोट में हुई इस घटना की दुनियाभर में चर्चा हुई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने इसे देश के लिए 'शर्मनाक दिन' बताया था। भीड़ द्वारा मारे जाने की घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए थे, जिनमें दर्जनों लोगों की भीड़ को प्रियंथा दियावादांगे को पीट-पीट कर मारते देखा जा सकता था।



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

नाग का सामान्य अर्थ सर्प है, किन्तु वेद तथा पौराणिक ग्रंथों में इसका कई अर्थों में प्रयोग हुआ है। पौराणिक वर्णनों के अनुसार नाग मनुष्य जाति है, जिसके भारत तथा विदेशों में कई विभाग हैं। यह भारत में ब्राह्मणों की एक उपाधि है। कई क्षत्रिय राजा नागेश्वर गोत्र के हैं। वैश्यों में अग्रवाल नाग जाति के हैं, अन्य माहेश्वरी हैं। झारखण्ड में तेली जाति में भी नाग गोत्र के लोग हैं। प्राचीन काल में भारत के बाहर भी आन्तरिक तथा समुद्री व्यापार करने वाले नाग थे, जिनके नाम आज तक भी जापान, मेक्सिको, अफ्रीका, मध्य एशिया आदि में सुरक्षित हैं।

# सूर्य आश्लेषा नक्षत्र और नागपूजा

सर्वकामना पूर्ति के उद्देश्य से श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी का प्रमुख त्योहार मनाए जाने की पौराणिक परिपाटी है। इस दिन भारत में नाग देवता पूजा, अथवा सर्प पूजन व दुग्ध स्नान की प्राचीन परम्परा रही है। इस दिन अष्टनागों की भी पूजा की जाती है। वर्तमान में कहीं-कहीं दूध पिलाने की परम्परा भी दिखाई देती है, जबकि नाग को दूध पिलाने से पाचन नहीं हो पाने अथवा प्रत्यूर्जता से उनकी मृत्यु हो जाती है। इसलिए पौराणिक ग्रंथों में भी नागों को दूध पिलाने के लिए नहीं बल्कि सिर्फ दुग्ध स्नान कराने की बात ही कही गई है। नाग पूजा का उद्देश्य पृथ्वी तथा उसके ऊपर मनुष्य रूप नागों के कार्य में सहयोग के लिए शक्ति देना है, जिससे वे विश्व का भरण पोषण कर सकें। इसे देवों द्वारा दिया गया आज्य कहा है। आज्य का स्रोत दूध है, जो प्रतीक रूप में दिया जाता है। इसकी व्याख्या वेदों की सर्पविद्या में थी, जो लुप्त है। आश्लेषा, तैत्तिरीय ब्राह्मण में जिसे आश्रेषा भी कहा गया है, के देवता सर्प हैं। यह नक्षत्र मुख्यतः ब्रह्माण्ड की सर्पिल भुज के मध्य में है। श्रावण मास में विशेषतः श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि के निकट सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में रहता है। पूर्णिमा को चन्द्रमा इसके विपरीत श्रवण नक्षत्र में रहेगा, जिसका देवता सर्प का विपरीत गरुड़ है। इसलिए इस समय नाग पूजा होती है।

शतपथ ब्राह्मण 13/8/4/1 में कहा गया है-

*वृत्रशङ्कुं दक्षिणतोऽधस्यैवानत्ययाय।*

अर्थात- सूर्य जब पृथ्वी सतह पर सबसे दक्षिण रहता है, तब वह श्रवण अर्थात तीन तारा, ताक्ष्य अर्थात गरुड़ नक्षत्र में होता है। उसके बाद उत्तरायण होने पर उत्तरी गोलार्ध में वृत्र अर्थात रात्रि का मान कम होने लगता है। अतः श्रवण का देवता गरुड़ है।

उल्लेखनीय है कि सर्प अर्थात नाग का पूजन भारतीय संस्कृति की विशिष्टता की पराकाष्ठा है।



**21 अगस्तः नागपंचमी**

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्‌ के मार्ग पर चलते हुए भारतीयों ने जिसके काटे जाने से मृत्यु का भय हो, उस नाग को भी देव के रूप में स्वीकार कर अपने हृदय की विशालता को ही प्रकट किया है। कृषि प्रधान देश भारत में सर्प को खेतों का रक्षक, क्षेत्रपाल माना जाता है। सर्पों को सुगंध अत्यंत प्रिय है। सांप चंपा के पौधे, चंदन के वृक्ष और केवड़े के वन में निवास करना पसंद करते हैं। सांप को सुगंध प्रिय लगने के कारण ही वह भारतीय संस्कृति को भी प्रिय है। प्रत्येक मानव को जीवन में सद्गुणों की सुगंध आती है, सुविचारों की सुवास आती है, वह सुवास हमें प्रिय होनी चाहिए। सर्प बिना कारण किसी को नहीं काटते। वर्षों परिश्रम से संचित शक्ति अर्थात विष वह किसी को यूं ही अकारण काटकर व्यर्थ खो देना नहीं चाहते। सर्पों से सीख लेकर मनुष्यों को भी जीवन में तप से पैदा हुई शक्ति को किसी पर व्यर्थ गुस्सा करने में, निर्बलों को हैरान करने में अथवा अशक्तों को दुःख देने में व्यर्थ न कर उस शक्ति को विकास करने में, दूसरे असमर्थों को समर्थ बनाने में, निर्बलों को सबल बनाने में खर्च करना चाहिए।

नाग का सामान्य अर्थ सर्प है, किन्तु वेद तथा पौराणिक ग्रंथों में इसका कई अर्थों में प्रयोग हुआ है। पौराणिक वर्णनों के अनुसार नाग मनुष्य जाति है, जिसके भारत तथा विदेशों में कई विभाग हैं। यह भारत में ब्राह्मणों की एक उपाधि है। कई क्षत्रिय राजा नागेश्वर गोत्र के हैं। वैश्यों में अग्रवाल नाग जाति के हैं, अन्य माहेश्वरी हैं। झारखण्ड में तेली जाति में भी नाग गोत्र के लोग हैं। प्राचीन काल में भारत के बाहर भी आन्तरिक तथा समुद्री व्यापार करने वाले नाग थे, जिनके नाम आज तक भी जापान, मेक्सिको, अफ्रीका, मध्य एशिया आदि में सुरक्षित हैं। आठ दिशाओं के नाग आठ महाद्वीपों की सीमा हैं। अनन्त अर्थात अण्टार्कटिक सहित। नग अर्थात गति नहीं करने वाला, पर्वत। उसके निवासी भी नाग हैं। जैसे-नागालेण्ड। भारत के नौ खण्डों में एक खण्ड नागद्वीप है, जो अण्डमान से सुमात्रा, यवद्वीप तक है। आकाश में ब्रह्माण्ड आदि की सीमा नाग है। ब्रह्माण्ड की सर्पाकार भुजा भी नाग है, जिसका बाहरी छोर अश्लेषा नक्षत्र है, उसका देवता नाग है। सर्पाकार भुजा का क्षेत्र महः लोक है, जिसकी पृथ्वी पर प्रतिमा चीन है। महः के निवासियों को ब्रह्मा ने महान या हान कहा था। इसलिए चीन भी नाग क्षेत्र है। नाग या वृत्र आठवां आयाम है, जो कण से लेकर ब्रह्माण्ड तक को घेरने वाली सीमा है। शरीर के भीतर एक उपप्राण वायु नाग है। इसलिए नाग शब्द का व्यवहार आठ संख्या के लिए होता है।

वैदिक ग्रंथों में सर्प के कई अर्थ हैं। शतपथ ब्राह्मण 1/1/3/4 और 1/6/3/9 में इसको आकाश का आठवां आयाम, वृत्र, अहि, नाग आदि कहा गया है। इस अर्थ में नाग, अहि, सर्प आदि का आठ संख्या के लिए व्यवहार होता है। यान्त्रिक विश्व के पाँच आयाम हैं-रेखा, पृष्ठ, आयतन, पदार्थ, काल। चेतना या चिति करने वाला पुरुष तत्त्व छठा आयाम है। दो पिण्डों या कणों के बीच सम्बन्ध ऋषि (रस्सी) सातवां आयाम है। पिण्डों को सीमा के भीतर घेरने वाला वृत्र या अहि है। आकाशगंगा अर्थात ब्रह्माण्ड की सर्पाकार भुजा अहिर्बुध्न्य में सूर्य के चारों तरफ भुजा की मोटाई का गोला महर्लोक है, जिसके एक हजार तारा शेष के एक हजार सिर हैं, जिनमें एक पर कण के समान पृथ्वी स्थित है। बुध्न्य अर्थात बाढ़, ब्रह्माण्ड का द्रव जैसा फैला पदार्थ, अप उसमें सर्प जैसी भुजा अहिः। यही पौराणिक शेषनाग का वर्णन है। पृथ्वी की वक्र परिधि सतह सर्पराज्ञी है। सात द्वीपों को जोड़ने वाले आठ दिकनाग हैं। प्राचीन काल में समुद्री यात्रा मार्ग मुख्यतः उत्तर गोलार्ध में था। पृथ्वी पर वह मार्ग तथा उसके समान्तर आकाश का मार्ग नाग वीथी है। व्यापार के लिए वस्तुओं का परिवहन करने वाले नाग हैं, जो पूरे विश्व में फैले हैं। केन्द्रीय वितरक अग्रवालों में बड़े माने जाने वाले माहेश्वरी हैं।

पृथ्वी की नाग अर्थात गोलाकार पृष्ठ सीमा के भीतर रहने वाले सर्पाकार जीव भी सर्प हैं। ब्रह्माण्ड पुराण उपसंहार पाद, अध्याय 2 मे अंकित वर्णनानुसार आकाश में ब्रह्माण्ड की सर्पाकार भुजा में सूर्य केन्द्रित गोल सात लोकों के मध्य महः लोक है। आकाश के लोकों की तरह पृथ्वी के उत्तर गोल के भारत वाले पाद में भी विषुव से उत्तर ध्रुव तक सात लोक हैं, जिनमें मध्य चीन भाग महः लोक है। यहां के लोगों को ब्रह्मा ने महान कहा था, जिसका हान नाम आज भी प्रचलित है। महर्लोक में सर्प नक्षत्र आश्लेषा है, अतः चीन को भी सर्प भाग अर्थात ड्रैगन कहा जाता है।

योगचूडामणि उपनिषद 36 व 44 के अनुसार शरीर में मेरुदण्ड के नीचे मूलाधार के केन्द्र में साढ़े तीन चक्र की कुण्डलिनी है, जिसे सर्प कहा है। योगचूडामणि उपनिषद 22 -25 में नागवायु का वर्णन करते हुए कहा गया है कि शरीर में पाँच प्राण तथा पाँच उपप्राण हैं। नाग उपप्राण है जिसे सर्प की तरह लिपटे हुए आन्त्र से वायु निकलती है।शिवसंहिता, पटल 5 के श्लोक 70- 81 में विश्व मूल कुण्डलिनी का वर्णन करते हुए कहा गया है कि शरीर और विश्व दोनों की जननी कुण्डलिनी कहा है, जो साढ़े तीन चक्र बना कर अपने मुंह में पूंछ लिये हुए है। षट्चक्र निरूपण के अनुसार गुदा-मेढ्र के बीच योनि स्थान में पीछे की तरफ कन्द में कुण्डलिनी साढ़े तीन फेरा कर अपने मुंह में पुच्छ ले कर सुषुम्णा विवर में स्थित है। यह सर्प के समान प्रभा युक्त हो कर सन्धि स्थान में सोई है। यह वाग्देवी और बीज (उत्पत्ति स्रोत) है।

# कांग्रेस की सरकार बनती है तो मुझे टिकट मिले या न मिले, आपके कार्य नहीं रुकने दूंगा: कौशल

## नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से संभावित प्रत्याशी कर रहे हैं कांग्रेस का प्रचार प्रसार




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। भाजपा की पहली सूची जारी होने के पश्चात कांग्रेस पार्टी भी एक्शन मोड में आ गई है और पार्टी के सभी संभावित प्रत्याशी गांव-गांव पहुंचकर नुक्कड़ सभाएं एवं मेल मुलाकातें कर, कांग्रेस पार्टी का जन आधार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं इसी के अंतर्गत सोमवार को कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी केदार सिंह कौशल ने कई गांव में पहुंचकर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से चौपाल लगाकर भाजपा सरकार की नाकामी एवं कॉन्ग्रेस की पांच गारंटियों को घर घर पहुंचाया। इसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत छरैटा (शेरपुर), अंजनी पुरा मैं नुक्कड़ सभाएं एवं चौपाल लगाकर आमजन एवं लोगों को संबोधित किया इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के अंदर दो विचार धाराएं हैं एक विचारधारा आपके हक अधिकारों, एजुकेशन, आपके खेत खलियानों, रोजगार, मूल अधिकारों को खत्म करना चाहती है। भाजपा के लोग हमें आपस में लड़ा कर हमारा भाई चारा खत्म करना चाहते हैं, यह हमारे संविधान को बदलना चाहते हैं हमें संविधान को बचाना है तो हमें इनको सत्ता से हटाना होगा तभी हम सही तरीके से संविधान की रक्षा कर सकते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जो हमारे संविधान एवं हक अधिकारों को बचाना चाहती है। हमें हमें यदि संविधान की रक्षा करनी है तो कांग्रेस पार्टी को जिताना है। उन्होंने कहा कि दोस्तों मुझे टिकट मिले या न मिले फिर भी मैं आप सभी के हक अधिकारों के लिए लड़ता रहूंगा और आपके कार्य करने की जिम्मेदारी लेता हूं। यदि कांग्रेस पार्टी मुझ पर भरोसा कर मुझे टिकट देती है तो मैं आपको इतना विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपके कार्य भोपाल से नहीं गोहद मैं रहकर कराऊंगा। इससे पहले रविवार को कौशल ने नगर के वार्ड क्रमांक 1 छत्तरपुरा में वार्ड क्रमांक 10 ब्रह्मपुरी में वार्ड क्रमांक 11 बड़ा बाजार, वार्ड क्रमांक 9 उरवाई मोहल्ला, में वार्ड क्रमांक 4 वार्ड क्रमांक 5 मैं नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमें आपस में जाति धर्म के नाम पर लड़ाने का कार्य करती है और कांग्रेस हमेशा जोड़ने का कार्य करती है कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सभी धर्मों का सम्मान होगा। संभावित प्रत्याशियों में केदार कौशल के अलावा विधायक मेवाराम जाटव, केशव देसाई, धर्मवीर दिनकर, राजीव कौशिक, सहित एक दर्जन से अधिक नेता कांग्रेस पार्टी से विधानसभा टिकट के लिए गोहद से दावेदारी ठोक रहे हैं। इनमें से अधिकांश नेता गांव-गांव एवं नगरीय क्षेत्र में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं व मेल मुलाकातें कर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवी सिंह तोमर, पूर्व पार्षद हसीन खान भारैया, नरेश तोमर, पान सिंह कुशवाह श्रीगोपाल कुशवाह, सरपंच बृजमोहन कुशवाह, रमेश कुशवाह, महावीर जाटव, कुलदीप सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आज मौ मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न हुई

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर मौ डॉक्टर बेताल सिंह**




बैठक में शामिल कानपुर के गोविंद नगर विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक सुरेंद्र मैथानी जी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन चौधरी जी राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त आदरणीय श्री डॉक्टर राजकुमार कुशवाह जी विधानसभा प्रभारी रामबाबू उपाध्याय मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह रघुवीर पवैया जिला मंत्री फरेंन्द सिंह सिकरवार सेलेन्द सिंह गुर्जर बकील यादव रामख्तयार गुर्जर बिजेंन्द सिंह चोहान रामकुमार शास्त्री मटरु महाराज गिर्राज यादव धर्मेन्द्र राणा धर्मेन्द्र जाटव बकील यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुशवाह रामू कुशबाह रामकुमार जादोंन पर्वत अजय झा जादोंन महेंन्द परिहार अमजद खांन रघुराज गुर्जर राम यादव मेहबूब खांन सोनू खांन सुभम राठोंर संतोष यादव आदि समस्त भाजपा कार्यकार्ता उपस्थित रहे।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 24 एवं 25 अगस्त को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से का है कि उनके यहां 31 अगस्त 2023 तक सेवानिवृत्त/मृत शासकीय सेवको के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला पेंशन कार्यालय भिण्ड में लगने वाले 24 एवं 25 अगस्त 2023 को शिविर में कराने हेतु प्रकरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि कई बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी अभी तक पेंशन प्रकरणों का निराकरण नहीं कराया गया है शासन की मंशानुरूप लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाना है। किन्तु आपके द्वारा उक्त आदेशों की अव्हेलना की जा रही है यह अत्यन्त खेदजनक है।

# रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दिए निर्देश

## अधिकारी पेंशन प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, निर्वाचन से जुड़ी जिम्मेदारियाँ गंभीरता से निभाएँ




**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**(सम्भागीय ब्यूरो)**

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अगस्त माह की शिकायतें तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। अधिकारी स्वयं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएँ। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास लाड़ली लक्ष्मी योजना की छात्रवृत्ति से संबंधित सभी शिकायतों का निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंपों से संबंधित नईगढ़ी एवं हनुमना विकासखण्डों की शिकायतें निराकृत कराएँ। स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग तथा लोक निर्माण विभाग में भी बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। इनका निराकरण कराएँ। सभी अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। कार्यालय प्रमुख एनआईसी में दर्ज कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी अद्यतन कराकर आज ही डाटा फ्रीज कराएँ। सभी अधिकारी निर्वाचन से जुड़ी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाएं। आगामी एक से तीन सितम्बर तक सभी अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्कूलों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन के वितरण, स्कूल में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था तथा विद्युत कनेक्शन के संबंध में रिपोर्ट दें। जिन अधिकारियों को चुनाव के लिए सेक्टर ऑफीसर की जिम्मेदारी दी गई है वे अपने सेक्टर के स्कूलों का निरीक्षण करें। साथ ही 23 से 25 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए मतदान केन्द्र में लगाए जा रहे विशेष शिविरों का भी निरीक्षण करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र में कम से कम 50 छूटे हुए मतदाताओं के नाम शामिल कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा अन्य मैदानी कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। बीएलओ के माध्यम से इनकी निगरानी करें। विशेष शिविरों को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास करें। इन शिविरों में एक अक्टूबर 2023 को 18 साल की आयु पूरा कर रहे युवाओं के नाम भी विशेष तौर पर शामिल कराएं। सेक्टर ऑफीसर चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस के सेक्टर ऑफीसरों के साथ अपने सेक्टर का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का सत्यापन करने के साथ वर्नबेलिटी मैपिंग भी करें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय पोर्टल से 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांगों की जानकारी निकालकर एसडीएम के माध्यम से बीएलओ को उपलब्ध कराएं। इन पात्र दिव्यांगों के नाम विशेष अभियान के दौरान मतदाता सूची में शामिल कराएं। लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप तथा वोटर सर्विस पोर्टल एवं क्यूआर कोड के माध्यम से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी प्रेरित करें। मतदाताओं के सर्वाधिक नाम जोड़ने वाले बीएलओ के साथ-साथ सर्वाधिक नाम जोड़ने वाले सेक्टर ऑफीसर को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सभी अधिकारी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस से संबंधित सैनिकों के कल्याण के लिए सहायता राशि एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से जमा करा दें। बैठक में खाद की आपूर्ति, फसलों की स्थिति तथा सेल्समैनों की हड़ताल के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण पर पड़ रहे असर को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले की सभी दुकानों में खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी स्वसहायता समूहों को देने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय रीवा में महिला कांग्रेस की प्रेस वार्ता संपन्न

## महिला कांग्रेस का एप हुआ लांच प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की शुरुआत मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (सम्भागीय ब्यूरो)**

रीवा। महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता पांडे के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन कांग्रेस कार्यालय रीवा में किया गया जानकारी देते हुए बताया गया कि दिल्ली में 17 - 18 अगस्त 2023 को दो दिवसीय महिला कांग्रेस की पदाधिकारी का प्रशिक्षण तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में संपन्न हुआ 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर महिलाओं की टीम को सशक्त बनाने के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है महिलाओं को दिशा निर्देश दिया गया है कि मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम पूरे प्रदेश में एक साथ चलाया जाए और सर्वाधिक महिलाओं को बूथ कमेटी में जोड़कर प्रशिक्षित किया जाए कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही कार्यक्रम प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खरगे जी महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा जी राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय के सी वेणुगोपाल जी के द्वारा किया गया कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली में मंचासीन रहे मध्य प्रदेश का नेतृत्व महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती ओनिका मेहरोत्रा मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल विंध्य क्षेत्र की प्रभारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती कविता पांडे के द्वारा किया गया मध्य प्रदेश से हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई वहीं शुरुआती कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए 2024 के चुनाव में जी जान से जुड़ जाने का संदेश दिया और कहा है कि मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम आप लोग चलाएं और सभी वर्गों की महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करें जिससे आने वाले लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत कर केंद्र की सत्ता पर बैठे नौटंकी वाजों को उखाड़ फेंके ! महिला कांग्रेस का एप हुआ लॉन्च उज्जवल भारत मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी इस कार्यक्रम को पूरे मध्य प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में चलाया जाएगा प्रेस वार्ता को मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष कविता पांडे ने जानकारी देते हुए बताया है कि सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है रीवा से विंध्य से प्रदेश से सभी पदाधिकारी प्रशिक्षित होकर कार्य करने के लिए तैयार हैं ! प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कविता पांडे जिला अध्यक्ष सीमा सिंह जरहा शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी संगठन मंत्री रवि तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव उत्पीड़न प्रकोष्ठ प्रभा सोहगौरा महामंत्री विद्यावती पांडे नीलू पांडे प्रमुख रूप से मौजूद रहीं ! कांग्रेस के संगठन मंत्री श्री रविशंकर तिवारी द्वारा नारी शक्ति से प्रतिज्ञा कर संकल्प कराया ।



## पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शासकीय मार्तण्ड प्राथमिक पाठशाला का किया लोकार्पण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक श्री राजेंद्र शुक्ल ने गुड़ चौराहा के समीप लगभग 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन शासकीय मार्तंड प्राथमिक पाठशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के बन जाने से गरीब बच्चों को पड़ाई की सुविधा मिलेगी। इस स्कूल की जर्जर हालत को देखते हुए इसे नया स्वरूप दिया गया है। जिससे यहां पड़ाई के लिए आने वाले गरीब बच्चे उत्साह पूर्वक पड़ाई कर सकेंगे। श्री शुक्ल ने कहा कि जहां चाह होती है वहीं राह होती है। इस दिशा में शहर में कई सड़कों का निर्माण कराया गया। उसी कड़ी में धोबिया टंकी - जेल रोड से गुड़ चौराहा तक शानदार सड़क का निर्माण कराया गया है जिससे इस क्षेत्र के निवासियों का आवागमन सुगम और सरल हुआ है। श्री शुक्ल ने स्कूल परिसर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम को निर्देशित किया कि पुरानी बाउंड्री को शीघ्र गिराकर बच्चों के लिए खेल मैदान तैयार कराएं, जिससे यहां आने वाले बच्चे पड़ाई के साथ-साथ खुले वातावरण में खेल भी सके। पड़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। बच्चों का बुद्धि विकास के साथ शारीरिक विकास भी आवश्यक है। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक स्कूल बच्चे उपस्थित रहे।




# विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा भाण्डेर विधानसभा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के भरबाये फॉर्म




**उप संपादक महेंद्र शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

सदका तह.भाण्डेर जिला दतिया मे विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश द्वारा संगठन के दतिया ग्रामीण के अध्यक्ष श्री कालीचरण विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा.श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है जिसका लाभ धरातल पर समाज के हाथ के कारीगरों को दिलबाने के लिए विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा मध्यप्रदेश के प्रत्येक विधानसभा स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है जिससे जमीनी स्तर पर गरीब मजदूर परिवारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ मिल सके इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में विश्वकर्मा जन संगठन के संरक्षक श्री मोहन विश्वकर्मा जी,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरिओम विश्वकर्मा जी,विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष श्री मनोज विश्वकर्मा जी,प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा जी,सम्भागीय उपाध्यक्ष श्रीराम विश्वकर्मा जी,दतिया महानगर के अध्यक्ष श्री प्रवेंद्र विश्वकर्मा जी,भिंड ग्रामीण अध्यक्ष श्री राहुल विश्वकर्मा जी,दतिया महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमति नीतू विश्वकर्मा जी,ग्वालियर ग्रामीण के अध्यक्ष श्री छबिराज विश्वकर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे । श्री विश्वकर्मा ने बताया कि मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा.श्री नरेन्द्र मोदी जी को विश्वकर्मा जन संगठन की ओर से धन्यवाद देता हूँ कि उनके कुशल नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए,हाथ के कारीगरों के लिए,गरीब मजदूर परिवारों के लिए जनकल्याणकारी योजना लागू की गई। साथ ही विश्वकर्मा समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी को लेकर समस्त विश्वकर्मा समाज को एक मंच पर एकत्रित होकर ल?ाई ल?ने की आवश्यकता है । साथ ही संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कई लोगों की नियुक्तियां की गई । इस अवसर पर टिंकू विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, पातीराम विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, शशिकांत विश्वकर्मा, मोहनलाल विश्वकर्मा, रामचरण विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, ब्रजकिशोर विश्वकर्मा, रामप्रसाद विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, भागीरथ विश्वकर्मा, गणेशीलाल विश्वकर्मा, भगवानदाश विश्वकर्मा, रामसिया विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, कल्लू विश्वकर्मा, जमुनाप्रसाद विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# तमन्ना भाटिया की आखिरी सच का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज आखिरी सच को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।यह सीरीज दिल्ली के बुराड़ी में हुई मौतों पर आधारित है, जिसने न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। अब निर्माताओं ने आखिरी सच का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर है।सीरीज में तमन्ना मुख्य जांच अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, एक रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी जो भाग्य के सबसे टेढ़े-मेढ़े संबंधों, एक परिवार के फंसे हुए रहस्यों और एक अन्वेषक द्वारा देखी गई भयानक भयावहता को उजागर करती है।इसमें अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।यह सीरीज पुलिस के दृष्टिकोण को सामने लाकर एक जटिल मामले की कहानी बताती है। आखिरी सच एक काल्पनिक कहानी है, जिसमें काल्पनिक पात्र हैं, जो एक वास्तविक मामले से प्रेरित है जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। यह अन्या नाम की एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा की गई अपराध जांच का अनुसरण करती है।अपराध जांच थ्रिलर कई रहस्यों को खोलेगी और प्रत्येक चरित्र के जीवन में गहराई से उतरेगी।

# कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय की तारीफ की



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। कंगना रनौत ने ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो शेयर कर उन्हें फुल मून बताया है।कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर महिलाओं की खूबसूरती पर बात की और ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऐश्वर्या के साथ तृषा कृष्णन भी नजर आ रही हैं। कंगना ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,बॉलीवुड के गीतकारों ने सोलह साल की वाली उमरिया (युवा) के बारे में काफी कुछ लिखा है, लेकिन चालीस या पचास की उम्र वाली महिला में सेंसुअलिटी, सेक्सुअलिटी और सिडक्शन का इस्तेमाल करने असफल रहे।

# हेमा मालिनी को पसंद आयी 'गदर 2'



बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिल्म गदर 2 बेहद पसंद आयी है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। हेमा मालिनी को भी गदर 2 बेहद पसंद आयी है। हेमा मालिनी ने कहा कि जैसी उम्मीद थी, फिल्म गदर 2 बिल्कुल वैसी ही थी। अनिल शर्मा ने काफी अच्छा काम किया है। फिल्म की सभी स्टारकास्ट ने अपना बेस्ट दिया है।ऐसा लग रहा था कि 70 और 80 का दौर लौट आया है। अनिल शर्मा जी इस फिल्म के जरिए पुराने दौर को फिर से लेकर आए हैं। हेमा मालिनी ने कहा, सनी ने सुपर्ब काम किया है। अनिल जी के बेटे उत्कर्ष ने भी अच्छा काम किया है।



# आलिया संग रणबीर को खामोश देख फैंस ने लगाए कयास

बॉलीवुड के पावर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को हाल ही में एयरपोर्ट पर देखा गया, जब वे रविवार को मुंबई से बाहर निकले। वीडियो में आलिया व्हाइट टॉप के साथ मैचिंग पेंट और ब्लू जैकेट में नजर आ रही हैं। उन्होंने क्रॉस बॉडी बैग और व्हाइट स्नीकर्स के साथ लुक को पूरा किया। जबकि, रणबीर ने ब्लू जैकेट, मैचिंग जॉगर्स और ब्लैक टोपी पहनी हुई थी। उन्होंने अपने लुक को व्हाइट स्नीकर्स से पूरा किया। कैमरे के लिए दोनों ने पोज दिए। कथित तौर पर, कपल छुट्टियां मनाने जा रहा है। वीडियो और फोटो को देख, फैंस ने कमेंट्स सेक्शन में लिखा, "रणबीर से शादी के बाद आलिया की स्माइल कहां चल गई है।

वहीं दूसरे यूजर ने लविखा ?रणबीर हमेशा उदास क्यों दिखते हैं? अन्य यूजर ने लिखा, रणबीर को कैटरीना से शादी न करने का अफसोस है। बहुत उदास लग रहा है...कुछ तो गड़बड़ है।?स्पष्ट रूप से वे इस समय खुश नहीं हैं। मुझे ऐसा क्यों लगता है कि दोनों आपस में मेल नहीं खाते।

रणबीर और आलिया ने 14 अप्रैल, 2022 को मुंबई में अपने आवास पर शादी की। नवंबर 2022 में उन्होंने अपनी बेटी राहा को जन्म दिया। वर्क फ्रंट में, आलिया को आखिरी बार रोमांटिक कॉमेडी पारिवारिक ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ देखा गया था। उन्होंने हाल ही में गैल गैडोट और जेमी डोर्नन स्टारर स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में भी अभिनय किया। रणबीर आखिरी बार श्रद्धा कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म 'एनिमल' है।

विचार पेज का शेष

# तीर्थस्थान भीड़ कैसे संभले?

इसलिए इस पर एक व्यापक सोच और नीति की ज़रूरत है, जिससे प्रांतीय सरकारों को हल ढूंढने में मदद मिल सके। वैसे आन्ध्र प्रदेश के तीर्थ स्थल तिरुपति बालाजी का उदाहरण सामने है जहाँ लाखों तीर्थयात्री बिना किसी असुविधा के दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। जबकि मुख्य मंदिर का प्रांगण बहुत छोटा है और उसका विस्तार करने की बात कभी सोची नहीं गई। इसी तरह अगर काशी, मथुरा व उज्जैन जैसे तीर्थ नगरों की यातायात व्यवस्था पर इस विषय के जानकारों और विशेषज्ञों की मदद ली जाए तो विकराल होती इस समस्या का हल निकल सकता है। तीर्थ स्थलों के विकास की इतनी व्यापक योजनाएँ चलाकर प्रधान मंत्री ने सारी दुनिया का ध्यान सनातन हिन्दू धर्म की ओर आकर्षित किया है। स्वाभाविक है कि इससे आकर्षित होकर देशी पर्यटक ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भारी मात्रा में पर्यटक इन तीर्थ नगरों को देखने आ रहे हैं। अगर उन्हें इन नगरों में बुनियादी सुविधाएँ भी नहीं मिलीं या भारी भीड़ के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा, तो इससे एक गलत संदेश जायेगा। इसलिए तीर्थों के विकास के साथ आधारभूत ढांचे के विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। केंद्र और राज्य की सरकारें हमारे धर्मक्षेत्रों को सजाएं-संवारें तो सबसे ज्यादा हर्ष हम जैसे करोड़ों धर्म प्रेमियों को होगा, पर धाम सेवा के नाम पर, अगर छलावा, ढोंग और घोटाले होंगे तो भगवान तो रुष्ट होंगे ही, भाजपा की भी छवि खराब होगी। 2008 से मैं, अपने साप्ताहिक लेखों में मोदी जी के कुछ अभूतपूर्व प्रयोगों की चर्चा करता रहा हूँ जो उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए किये थे। जैसे हर समस्या के हल के लिए उसके विशेषज्ञों को बुलाना और उनकी सलाह को नौकरशाही से ज्यादा वरीयता देना। ऐसा ही प्रयोग इन तीर्थ नगरों के लिए किया जाना चाहिए क्योंकि कानून-व्यवस्था की दैनिक जिम्मेदारी में उलझा हुआ जिला-प्रशासन इस तरह की नई जिम्मेदारियों को सँभालने के लिए न तो सक्षम होता है और न उसके पास इतनी ऊर्जा और समय होता है। इसलिए समाधान गैर-पारंपरिक तरीकों से निकला जाना चाहिए।

# सूर्य आश्लेषा नक्षत्र और नागपूजा

कन्द में कुण्डलिनी केशाग्र का एक कोटि भाग में है, तथा उसके तन्तु उसका भी एक सौ भाग है। केशाग्र अर्थात 1 माइक्रोन अर्थात 10 घात (-6) मीटर। उसके कोटि भाग का 100 भाग अर्थात 10 घात (-15) मीटर। यह परमाणु की नाभि का आकार है। यह त्रिभुवन जननी है अर्थात मनुष्य आदि जीव, सभी भुवनों को जन्म देने वाली। यह धारा रूप में पूर्व जन्म के संस्कार का वहन करती है। सूक्ष्म रूप में परमाणु नाभि आकार की कुण्डलिनी से शरीर के गुण सूत्र निर्धारित होते हैं। आधुनिक विज्ञान के अनुसार यह डीएनए की भी रचना है, जिसमें मरोड़ी हुई तीन सीढ़ियों के मिलन जैसी रचना है। इससे शरीर के सभी गुण निर्धारित होते हैं।

कठोपनिषद 2/3/1 के अनुसार इस बीज रूप से सृष्टि क्रम चलता रहता है जैसे वृक्ष मूल से शाखा फल होते हैं और उनके बीज से पुनः वैसा ही बीज उत्पन्न होता है। अतः शुक्र द्वारा सृष्टि को अमृत कहा गया है। आयुर्वेद ग्रंथों में विषधर तथा बिना विष वाले कई प्रकार के नागों का वर्णन है। सामान्यतः वनस्पतियों, खनिजों के लिए नाग तथा जन्तुओं के लिए सर्प शब्द का व्यवहार है। सुश्रुत संहिता, कल्प स्थान, अध्याय 4-5 के अनुसार 5 प्रकार के सर्प हैं- पहले, दर्वीकर अर्थात फण वाले 26 प्रकार के, दूसरे मण्डली अर्थात बिना फण के, विविध मण्डलों से चित्रित, 22 प्रकार के, तीसरे राजिमन्त अर्थात रेखायुक्त, बिना फण के, पुण्डरीक आदि कम विष वाले, 10 प्रकार के, चौथे, निर्विष अर्थात गल-लोमी, शूकपत्र आदि 12 प्रकार के, और पांचवें, वैकरञ्ज अर्थात अन्य जातियों के 3 प्रकार के। वर्तमान में सर्प तथा नाग का समान अर्थ में व्यवहार होने के बावजूद सर्प तथा नाग में अन्तर है। श्रीमद्भगवद्गीता 10/28-29 में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं को सर्पों में वासुकि तथा नागों में अनन्त कहा है। आयुर्वेद सन्दर्भ में नाग वनस्पति तथा खनिज औषधियों के नाम हैं। रसरत्नसमुच्चय 1/41 में नाग खनिज, सीसा, सुश्रुत सूत्र 45/12 और रसरत्नसमुच्चय 21/25-28 में वनस्पति नागकेसर, रसरत्नसमुच्चय 24/136 में ताम्बूल, रसरत्नसमुच्चय 21/25-28 में एरण्द,अष्टांग संहिता शा 4/38 में सल्लकी, सुश्रुतउत्तर 60/36 में ग्रह भुजंगम, सुश्रुत सूत्र 5/21 में देवयोनि वासुकि आदि, सुश्रुत चिकित्सा 28/26 में पशुगज, सुश्रुत सूत्र 46/287 में नाग केसर शब्द आया है। रसरत्नसमुच्चय 21/29 में नागा, नाकुली वनस्पति, नागकन्द, हस्तिकन्द, नाग करण्डक, नागकर्ण, नागकुमारी, नागकुमारिका, नागकेसर, नागगन्धा, नागगर्भ, नागचपल, नागचम्पक, नागच्छत्रा, नागज (सिन्दूर), नागतुम्बी (राजनिघंटु 7/241 में इसे भूतुम्बी कहा गया है), नागदन्ती, नागदमनी, नाग पुष्प, नागबला, नागदमनी, नागवल्ली (ताम्बूल), नागराति (वन्ध्याककोंटकी), नागेन्दु, नागदन्ती आदि का प्रयोग हुआ है।

बहुरंग

# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई ओह माय गॉड 2



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ की कमाई कर ली है। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। ओह माय गॉड 2 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। फिल्म ओह माय गॉड 2 ने अपने पहले सप्ताह में 85 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद फिल्म ने दूसरे हफ्ते के पहले दिन शुक्रवार को 06 करोड़ और शनिवार को 09 करोड़ कमाए हैं। जिसके बाद फिल्म 100 करोड़ी क्लब में शामिल हो गई है। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। इस फिल्म के निर्माता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो हैं।

दिलचस्प

# रजनीकांत की फिल्म जेलर ने 500 करोड़ कमाए



दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत की फिल्म जेलर ने वर्ल्डवाइड 500 करोड़ की कमाई कर ली है। रजनीकांत की फिल्म जेलर 10 अगस्त को प्रदर्शित हुयी है। जेलर बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस कर रही है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म का देश के साथ विदेशों में भी डंका बज रहा है। जेलर वर्ल्डवाइड 500 करोड़ की कमाई कर चुकी है। फिल्म जेलर का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हैं। इस फिल्म का सॉन्ग 'कावाला' फिल्म की रिलीज से पहले ही पॉपुलर हो गया था। 'जेलर' में रजनीकांत और तमन्ना भाटिया के अलावा राम्या कृष्णन, शिवा राजकुमार, विनायकन, जैकी श्रॉफ और मोहनलाल भी मुख्य किरदार में नजर आ रहे हैं।



# मैंने 140 से ज्यादा रिजेक्शन का सामना किया है: नवनीत मलिक

एक्टर नवनीत मलिक, जो दिलचस्प थ्रिलर सीरीज 'द फ्रीलांसर' में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे, ने बॉलीवुड की चुनौतियों के बारे में खुलासा किया और बताया कि सफलता की राह पर उन्हें कैसे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। नवनीत को अपने टैलेंट और 'हीरोपंती 2', 'लव हॉस्टल' और गाने 'जानिया' जैसे प्रोजेक्ट्स में पांच मिलियन से अधिक व्यूज के साथ सफल उपस्थिति के बावजूद काफी असफलताओं का सामना करना पड़ा। नवनीत ने खुलासा किया, मैंने मुंबई में एक सपने का पीछा करने के लिए सिविल इंजीनियर और अपने घर का आराम छोड़ दिया। हर दिन, मैं उम्मीद के साथ ऑडिशन देता था। मेरा बैग सिर्फ कपड़ों से नहीं भरा था, उसमें मेरे सपने और दृढ़ संकल्प थे। बसें और रेलगाड़ियां मेरी साथी बन गईं, जो मुझे शहर भर में बिखरे हुए ऑडिशन के बीच लंबी यात्राओं पर ले गईं। हर एक रिजेक्शन ने अपनी छाप छोड़ी, नवनीत ने कहा, अनगिनत ऑडिशन में से, केवल कुछ ही बार मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मैं स्पॉटलाइट में हूं। भले ही इनमें से एक या दो वास्तविक प्रोजेक्ट्स में बदल गए, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की तरह लगा। यह एक सबक था, जिसने मुझे सिखाया कि रिजेक्शन एक अभिनेता के जीवन और यात्रा का हिस्सा है। चुनौतियों के बावजूद नवनीत का जज्बा बरकरार है।

उन्होंने कहा, इन कारणों से किसी प्रोजेक्ट को खोना अनुचित लगता है, खासकर जब आप जानते हैं कि इसे बड़ा बनाने के लिए आपके पास क्या है और आप अपना पूरा दिल और आत्मा काम में लगाते हैं। नवनीत ने कहा,मैंने 140 से ज्यादा रिजेक्शन का सामना किया है, हर एक ने मुझ पर अपनी छाप छोड़ी है, क्योंकि मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ गया हूं। यह केवल हां या ना कहे जाने के बारे में नहीं है, यह असफलताओं के बावजूद आगे बढ़ते रहने की ताकत खोजने के बारे में है।

# हेडगेवार जी के प्रतिबिम्ब थे तराणेकर जी: सोनी

## आद्य सरसंघचालक हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण एवं प्रेरणापुंज तराणेकर जी पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित






**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्व.लक्ष्मणराव तराणेकर जी आद्य सरसंघचालक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार जी के प्रतिबिम्ब थे। वह हेडगेवार जी के देश कार्य की पूर्णता में जीवन भर समर्पित भाव से संलग्न रहे। यह अखंड प्रक्रिया है। यह कार्यक्रम तराणेकर जी के गुणगान करने के लिए नहीं है बल्कि उनका स्मरण कर अपने जीवन में आए ठहराव को दूर कर जाग्रत करने के लिए है। इसलिए सभी तराणेकर जी के संस्मरणों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता और देश के उत्थान के लिए सजगता से काम करें। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने रविवार को आद्य सरसंघचालक परम पूज्य डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा अनावरण एवं प्रेरणापुंज तराणेकर जी पुस्तक के विमोचन समारोह में मुख्यवक्ता की आसंदी से कही। राष्ट्रोत्थान न्यास ग्वालियर एवं श्री लक्ष्मणराव तराणेकर स्मृति शिक्षा समिति ग्वालियर के तत्वावधान में शिवपुरी लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर केदारधाम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डे एवं ग्वालियर विभाग संघचालक विजय गुप्ता और राष्ट्रोत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र बांदिल भी मंचासीन रहे। अतिथियों ने सबसे पहले केधारधाम परिसर में हवन कर हेडगेवार जी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। पुस्तक विमोचन समारोह में मुख्यवक्ता श्री सोनी ने कहा कि हेडगेवार जी और तराणेकर जी का जीवन एक जैसा था। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक बार नागपुर में आयोजित बैठक में भाग लेने जा रहे आद्य संघचालक की गाड़ी खराब हो गई तो वह पैदल चलकर बैठक में पहुंचे। इसी तरह डबरा में आयोजित एक बैठक में शामिल होने जा रहे तराणेकर जी का वाहन रास्ते में खराब हो गया। समय के पाबंद तराणेकर जी पैदल चलकर बैठक में पहुंचे। वह कार्य के प्रति बेहद सजग रहते थे। उनका पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित रहा। वह हर एक कार्यकर्ता की चिंता करते थे। उन्होंने धैर्य के साथ कार्यकर्ताओं को देश और समाजहित में कार्य करने के लिए तैयार किया। इससे पूर्व डॉ.राजेन्द्र बांदिल ने प्रेरणापुंज तराणेकर पुस्तक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पुस्तक को प्रकाशित करने की योजना करीब डेढ़ वर्ष पहले बनी थी। जो आज साकार रूप में हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से कार्यकर्ताओं को सीख मिलेगी। श्री बांदिल ने बताया कि इस पुस्तक को मूर्तरूप देने में नरेश त्यागी, वसंत कुंटे, सुधीर शर्मा का अथक परिश्रम रहा है। नरेश त्यागी ने स्व.तराणेकर जी के भतीजे आनंद तराणेकर के भेजे संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र बांदिल, अरुण अग्रवाल, डॉ.श्रीप्रकाश लोहिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन निरुपम निवासकर ने किया।

**ईमानदारी से जीवन जीने की देते थे प्रेरणा- पराडकर-** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री श्रीधर पराडकर ने तराणेकर जी के जीवन के दो उदाहरण देते हुए कहा कि वह कर्तव्य पथ पर चलते हुए ईमानदारी से जीवन जीने की प्रेरणा देते थे। उन्होंने बताया कि संघ कार्यालय में डाक से आने वाले पत्रों पर लगे टिकट पर जब सील लगी नहीं होती थी तो कुछ कार्यकर्ता उसे दोबारा उपयोग में लाने के लिए उसे छुटाते थे, लेकिन तराणेकर जी उन्हें यह कहकर रोक देते थे यह देश के साथ धोखा करना है। इसी तरह प्रवास के दौरान बस कंडक्टर ने तराणेकर जी सहित चार अन्य स्वयंसेवकों के टिकट नहीं बनाए तो उन्होंने पूछा कि कंडक्टर ने हम लोगों के टिकट क्यों नहीं बनाए। तो उन्हें बताया गया कि कंडक्टर स्वयंसेवक का भाई है। इस पर तराणेकर जी ने कहा कि यह बात ठीक नहीं है। हम बस में यात्रा कर रहे हैं तो टिकट तो लेना ही चाहिए। उन्होंने आदेश दिया जाओ अपने टिकट बनवाओ।

**तराणेकर जी में थे एक मां और आदर्श पिता के गुण- जगराम जी-**शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रचारक जगराम जी ने भावुक होकर संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्व.तराणेकर जी में मां और एक आदर्श पिता के गुण थे। वह अपने हिस्से में से हमें पपीता खिलाते थे। यही नहीं वह स्वयं फटे कपड़े पहनते थे और जब हमारे कपड़े फट जाते थे तो वह चिंता कर कपड़ों की व्यवस्था करवाते थे।



## पूर्व मंत्री एवं विधायक ने बसामन मामा गौवंश विहार का किया अवलोकन

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)



**रीवा।** पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश बिहार का अवलोकन किया। उन्होंने बसामन मामा गौवंश बिहार में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। गौवंश बिहार परिसर में बृहद यज्ञ स्थल,गेस्ट हाउस, तोरणद्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री शुक्ल ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे रूचि लेकर इसे शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने गौवंश बिहार में चल रहे वनीकरण एवं पौधरोपण के कार्यों का अवलोकन किया। श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रोपे गए पौधों के रख-रखाव व अन्य सुविधाओं की वन विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर चिन्हित किए गए पूरे क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए कहा। बसामन मामा गौवंश बिहार में पूर्व मंत्री श्री शुक्ल ने गौपूजन किया। उन्होंने कहा कि लोककल्याण के लिए गौमाता की सेवा बहुत महत्वपूर्ण। इस अवसर पर सीसीएफ, एएसडीओ ऋषि मिश्रा सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों और प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं का किया जा रहा जागरूक

पुष्पांजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम प्रदर्शनों केन्द्रों तथा प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को जिले की विधानसभा क्षेत्रों के ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों में 741 लोगों ने माकपोल किया गया। जिसमें सतना के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 75, रैगांव के तहसील कार्यालय कोठी में 27, तहसील मझगवां कार्यालय में 117, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नागौद में 448, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मैहर में 30, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरपाटन में 31 एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में 13 सहित कुल 741 लोगों ने माकपोल किया। इसी प्रकार प्रचार रथ के माध्यम से अब तक विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट के 148, रैगांव के 133, सतना के 209, नागौद के 132, मैहर के 227, अमरपाटन के 199 तथा रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के 161 मतदान केन्द्रों में प्रदर्शन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया।

## कबड्डी के मैत्री मैच में शामिल हुए राज्यमंत्री श्री पटेल

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी



प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिन्ना में नागपंचमी के पावन पर्व पर आयोजित कबड्डी के मैत्री मैच में शामिल हुए। डॉ. सुरेंद्र सिंह एवं उनकी पूरी टीम के नेतृत्व में आयोजित कबड्डी मैच का आनंद लेते हुए राज्यमंत्री श्री पटेल ने खिलाड़ियों का मनोबल बड़ाया और संबोधित किया। साथ ही उन्होंने मंच के माध्यम से नागपंचमी के पावन पर्व की समस्त ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश से आए विधायक श्री प्रेम सागर एवं अन्य स्थानीय जन प्रतिनिधियों, खेल प्रेमी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## एडीजी रीवा जोन द्वारा रीवा जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई



दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो)

रीवा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रीवा श्री के.पी. वेंकाटेश्वर राव द्वारा जोनल अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा मिथिलेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवीन्द्र वर्मा, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी, पुलिस अधीक्षक मउगंज वीरेन्द्र जैन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी को लेकर चर्चा की गई तथा दिशानिर्देश दिये गये। लंबित अपराध, मर्ग, चालान, खात्मा/खारिजी व शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, साथ ही होटल ढाबा,पार्क स्टेशन, बस स्टैंड, बैंक एटीएम की लगातार चेकिंग व नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए है।

## प्रवीण पाठक विधायक 17 ग्वालियर को पेंशनर महासंघ ने नौ सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन दिया



**ग्वालियर।** दिनांक 21/8/23कोसेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ ने श्री श्रीराम गोयल मार्ग दर्शक के नेत्रत्व में माननीय विधायक श्री प्वीण पाठक को नौ सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन दिया। प्ांतीय कार्यकारिणी के निर्देशों के अनुसार सभी माननीय विधायकों को मांग पत्र ज्ञापन दिया जावे, तदानुसार ज्ञापन दिया गया। नौ सूत्रीय मांगों में राज्य कर्मचारियो की भांति पेंशनरो को 42प्तिशत डी आर दिया जावे एवं बकाया एरियर का भुगतान किया जावे।पेंशनरो को बीमारी में इलाज की कोई सुविधा नही है उन्हें परिवार पर निर्भर रहना पड़ता है परिवार अपना भरण पोषण नही कर पा रहा है ऐसी स्थिति में पेंशनरो का इलाज नही हो पाता है अत पेशनरो को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाना आवश्क है।विधायक जी ने अपनी अनुशंसा सहित मांग पत्र ज्ञापन माननीय मुख्य मंत्री मध्यप्देश शासन को भिजवाने का प्तिनिधि मंडल को आश्वत किया। प्तिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष श्री विवेक कुमार दीक्षित जिला मंत्री श्री के सी शर्मा श्री राम कुमार गुप्ता कोष प्मुख सदस्य श्री अशोक सविता सदस्य श्री लक्ष्मीनारायण सैन विशेष रूप से सामिल हुए।

## श्रावण मास में कैलारस में प्रथम बार निकली बाबा महाकाल की सवारी नगरवासियों ने की महाकाल की पूजा



**कैलारस-** श्रावण मास में 21 अगस्त सोमबार को श्री महाकाल मित्र मंडल द्वारा प्रथम बार बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली गई इसके लिए श्री महाकाल मित्र मंडल के युवाओं दुबारा नगर को सजाया गया था और भव्य तैयारिया की मुरैना जिले से 45 किलोमीटर दूर अलोपी शंकर बाबा की पावन नगरी कैलारस में श्री महाकाल मित्र मंडल द्वारा कैलारस नगर में प्रथम बार महाकाल की शाही सवारी 21 अगस्त सोमबार को निकाली गई जिसको लेकर महाकाल मित्र मंडल के युवाओं ने भव्य तैयारी की थी श्रामणमास में महाकाल की प्रथम सवारी भव्य झांकियों एव बेंड,बाजो के साथ महाकाल की धुन पर भक्त नाचते गाते हुए श्रीजी गार्डन नहर के पास से चोडा खरंजा,बस स्टैंड, टाकीज गली, गांधी मार्ग ,शास्त्री मार्ग, जवाहर मार्ग, बस स्टैंड सहित शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई रेस्ट हाउस पहुचे जिसमें सेकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी बंधु एव बाबा महाकाल के भक्त मौजूद रहे बाबा महाकाल की प्रथम शाही सवारी झांकी महोत्सव जैसे ही शहर में निकला तो लोगो ने पुष्प वर्षा कर बाबा महा काल की सवारी का स्वागत किया बही महाकाल की सवारी में पधारे भक्तो ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया बही बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाल रहे श्री महाकाल मित्र मंडल की सराहना कि वही महाकाल भक्तो एव धर्म प्रेमी बंधुओं के द्वारा शहर में कई जगह भंडारे एव प्रसाद की व्यवस्था की गई। महाकाल की शाही सवारी के दौरान पुलिस, राजस्व विभाग की सराहनीय भूमिका रही महाकाल की सवारी को लेकर पुलिस, राजस्व विभाग ने पहले से ही व्यवस्था बना कर रखी थी। नगर में इस प्रकार का पहला भव्य आयोजन हुआ जिसकी सभी ने सराहना की।

## बहुती में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, एक आरोपी फरार, दूसरा गिरफ्तार पहुंचा सलाखों के पीछे

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

**रीवा।** नवगठित जिले मऊगंज थाना अंतर्गत नईगढ़ी में स्थित बहुती जलप्रपात में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता द्वारा मामले की शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है मामले में आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है वहीं दूसरा युवक फरार बताया जा रहा है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नईगढ़ी में स्थित बहुती जलप्रपात में घूमने गए दो नवयुवकों ने वहां मौजूद एक युवती को धर दबोचा और बारी बारी से दुष्कर्म करने के बाद धमकियां देकर मौके से फरार हो गए पीड़िता द्वारा मामले से परिजनों को अवगत कराया गया इसके उपरांत नईगढ़ी थाने में पीड़िता द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई गई मामले की गंभीरता को देखते हुए हरकत में आई पुलिस द्वारा सामूहिक दुष्कर्म मामले में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया वही दूसरा युवक फरार बताया जा रहा है पकड़े गए युवक को अदालत में पेश किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

## अस्पताल में पत्नी ने दिया बेटे को जन्म और इधर सेना के जवान की हादसे में चली गई जान छाया मातम



दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

**रीवा।** मिली जानकारी के अनुसार आर्मी में पदस्थ जवान सनी पटेल पुत्र समय लाल पटेल उम्र 28 वर्ष गुड़ थाना क्षेत्र के बदवार गांव के निवासी थे 3 दिन पहले ही वह गुवाहाटी से छुट्टी में आए हुए थे 3 साल पहले उनका विवाह हुआ था 1 दिन पहले अस्पताल में पत्नी ने बालक को जन्म दिया था लेकिन दूसरे दिन पिता का साया बच्चे के सिर से उठ गया समान थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि सेना में पदस्थ जवान शनि अस्पताल से घर के लिए बाइक से निकले थे जैसे ही वह रतहरा एनएच के पास स्थित बिहान हॉस्पिटल के 200 मीटर पहले हनुमान वाटिका के पास पहुंचे पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई ।

## 3 दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला, हत्या की आशंका

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा



रीवा। सेमरिया थाना की शाहपुर चौकी में तालाब में शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने तालाब से शव बाहर निकाला। आकाश आदिवासी पुत्र मुंडे आदिवासी उम्र 23 वर्ष निवासी शाहपुर के रूप में पहचान की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने बताया कि स्वजन नाराज होकर चौकी के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के समझाने के बाद वह मान गए। 3 दिन पूर्व युवक रिश्तेदारी में जाने की बात कह कर के घर के बाहर निकला था, जिसके बाद लापता हो गया था। परिवार वालों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। तलाश किए जाने के बाद ही युवक का कोई पता नहीं-तलाश किए जाने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चला था। सोमवार की सुबह सुरेश आदिवासी जब काम के लिए तालाब की तरफ निकला तो उसने तालाब में एक युवक को तालाब मे उतरते देखा जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। स्वजनों के आरोप को सुनने के बाद पुलिस ने उनके बयान दर्ज किये। स्वजनों के आरोप को सुनने बाद के पुलिस ने उनके बयान दर्ज कर लिए हैं। गांव के उस युवक को भी थाने में बैठाया गया है जिसके ऊपर आरोप लगा रहे थे विवेचना के दौरान माना जा रहा है कि युवक की मौत तालाब में डूबने से हुई है। पुलिस ने पंचनामा कर शव पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरमौर भेज दिया था, जहां पीएम उपरांत शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# कलेक्टर मऊगंज ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगड़ी तथा छात्रावास का निरीक्षण

### छात्रावास की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करें - कलेक्टर



दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। नवगठित जिले मऊगंज के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने नईगड़ी में कस्तूरबा गांधी छात्रावास तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने छात्रावास का निरीक्षण करते हुए अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावास की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करें। यहाँ रहने वाली सभी छात्राओं के भोजन, आवास एवं पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हर माह छात्राओं के स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर लगाएँ। छात्रावास भवन में आवश्यक सुधार कार्य भी तत्काल कराएं। खराब पंखों तथा अन्य उपकरणों में तत्काल सुधार कराएँ। छात्रावास में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधीक्षक को निर्धारित मीनू के अनुसार छात्राओं को नाश्ता एवं पौष्टिक भोजन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने शौचालयों के सुधार, कम्प्यूटर रूम को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नईगड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। रोगियों ने उपचार व्यवस्था संतोषजनक बताई। कलेक्टर ने बीएमओ को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद के सीईओ विनोद पाण्डेय, बीईओ रामसुशील वर्मा, बीआरसी राममणि सिंह तथा बीएमओ डॉ आरके पाठक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478